दैनिक उजाला

वर्ष-01, अंक- 297

पटना, बुधवार, 18 दिसम्बर 2024

जनता की आवाज दैनिक उजाला के साथ

# दैनिक उजाला (24X7)

हिंदी दैनिक

E-mail : dainikujala2024@gmail.com

9123145150 सिवान

सिवान, छपरा, गोपालगंज, सीतामढ़ी व मोतिहारी में सर्वाधिक प्रसारित


# लोकसभा में पास हुआ एक देश एक चुनाव बिल, जेपीसी में भेजे जाने की तैयारी






नई दिल्ली(दैनिक उजाला) ।एक देश एक चुनाव बिल संसद में पेश कर दिया गया है। साथ ही इसे लोकसभा में स्वीकार भी कर लिया गया है। बिल के समर्थन में 269 वोट डाले गए। वहीं, इसके विरोध में 198 वोट पड़े। अब इस बिल को जेपीसी यानी संयुक्त संसदीय समिति में भेजा जाएगा। मंगलवार को ही कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सदन में बिल को पेश किया। खास बात है कि संसद में पहली बार इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग के जरिए मतदान हुआ ।मेघवाल ने मंगलवार को देश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने के प्रावधान वाले ह्यसंविधान (129वां संशोधन) विधेयक, 2024ह्ल और उससे जुड़े ह्यसंघ राज्य क्षेत्र विधि (संशोधन) विधेयक, 2024ह्ल को पुरःस्थापित करने के लिए संसद के निचले सदन में रखा ।वन नेशन वन इलेक्शन पर चर्चा या पारित होने के लेकर मतदान की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सदन में पहले कहा था कि इस बिल को बहस के लिए संसदीय समिति के पास भी भेजा जा सकता है। उन्होंने कहा, 'जब कैबिनेट के पास एक देश एक चुनाव आया था, तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि इसे संसद की संयुक्त समिति के पास भेजा जाना चाहिए। इसपर हर स्तर पर विस्तार से चर्चा की जानी चाहिए ।संयुक्त समिति का गठन विभिन्न दलों के सांसदों की संख्या के मुताबिक आनुपातिक आधार पर किया जाएगा। इस संबंध में एक पदाधिकारी ने सोमवार को कहा कि सबसे बड़ी पार्टी होने के नाते भारतीय जनता पार्टी को समिति की अध्यक्षता मिलेगी और इसके कई सदस्य इसमें शामिल होंगे। वही सदन में भी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग पर सदस्यों ने आपत्ति जाहिर की है, जिसपर गृहमंत्री शाह ने पर्ची देने की बात कही है। उन्होंने कहा है कि अगर मतदान पर आपत्ति है, तो पर्ची दे दी जाए। साथ ही बिरला ने भी कहा कि अगर किसी सदस्य को लगता है कि वोटिंग गलत हुई है, तो वह पर्ची के माध्यम से वोट संशोधित कर सकता है ।इससे पहले राज्यसभा में नेता सदन और भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने मंगलवार को कहा कि कांग्रेस की पूववर्ती सरकारों द्वारा अनुच्छेद-356 के बार-बार किए गए दुरुपयोग के इतिहास को देखते हुए सरकार ने ह्यएक देश, एक चुनावह्ल विधेयक लाने का फैसला किया है ।नड्डा ने कहा, 'आज आप ह्यएक देश, एक चुनावह्ल के विरोध में खड़े हो रहे हैं। आपके कारण ही ह्यएक देश, एक चुनावह्ल लाना पड़ रहा है। क्योंकि 1952 से 1967 तक देश में एक साथ ही चुनाव होते थे। आपने (कांग्रेस) अनुच्छेद 356 के इस्तेमाल से राज्यों की चुनी हुई सरकारों को बार-बार गिराया और ऐसा करके आपने कई राज्यों में अलग-अलग चुनाव की स्थिति लाकर खड़ी कर दी ।भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस की सरकारों ने अनुच्छेद 356 का 90 बार इस्तेमाल किया गया। उन्होंने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने आठ बार, इंदिरा गांधी ने 50 बार, राजीव गांधी ने नौ बार और मनमोहन सिंह ने 10 बार अनुच्छेद 356 का दुरुपयोग किया ।नड्डा ने कहा कि कांग्रेस के सदस्य कहते हैं कि उनके नेताओं ने आपातकाल को एक गलती के रूप में स्वीकार कर लिया है, लिहाजा बार-बार इसका जिक्र नहीं किया जाना चाहिए ।भाजपा अध्यक्ष ने कहा, 'आपातकाल के दौरान प्रजातंत्र का गला घोंटने का प्रयास हुआ। अगर आपके दिल में कहीं भी प्रायश्चित है तो मैं आह्वान करता हूं...और आपको समय से पहले बताता हूं... 25 जून 2025 को लोकतंत्र विरोधी दिवस कार्यक्रम में आप शामिल हों ।उल्लेखनीय है कि पिछले साल सरकार ने 25 जून को ह्यसंविधान हत्या दिवसह्ल के रूप में घोषित किया था ।भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस ने संविधान की प्रस्तावना के साथ भी छेड़ छाड़ कर दी और उसमें पंथनिरपेक्ष और समाजवाद शब्द जोड़ दिए ।उन्होंने कहा, 'अगर आपने (कांग्रेस) संविधान पढ़ा होता और संविधान निमार्ताओं की आकांक्षाओं को समझा होता तो आपने (इन शब्दो को) नहीं जोड़ा होता। क्योंकि डॉ. आंबेडकर ने लिखा है कि भारत का संविधान पूरी तरह पंथनिरपेक्ष है, इसमें ह्यसेक्युलरह्ल शब्द जोड़ने की कोई जरूरत नहीं है। नड्डा ने अपने संबोधन की शुरूआत करते हुए संविधान निमार्ताओं को याद किया और कहा कि इसके लिए देश हमेशा उनका कृतज्ञ रहेगा। वही विधेयक का विरोध करते हुए कांग्रेस नेता मनीष तिवारी ने कहा कि संविधान के बुनियादी पहलू हैं जिसमें संशोधन इस सदन के अधिकार क्षेत्र से बाहर है। उन्होंने कहा कि विधेयक बुनियादी ढांचे पर हमला है और इस सदन के विधायी अधिकार क्षेत्र से परे है। उन्होंने कहा कि भारत राज्यों का संघ है और ऐसे में केंद्री करण का यह प्रयास पूरी तरह संविधान विरोधी है। उन्होंने आग्रह किया कि इस विधेयक को वापस लिया जाना चाहिए। विधेयक का विरोध करते हुए समाजवादी पार्टी के धर्मेंद्र यादव ने कहा कि दो दिन पहले सत्तापक्ष ने संविधान पर चर्चा के दौरान बड़ी बड़ी कसमें खाईं और अब दो ही दिन के अंदर संविधान के मूल ढांचे और संघीय ढांचे को खत्म करने के लिए यह विधेयक लाए हैं। उन्होंने दावा किया, 'यह संविधान की मूल भावना को खत्म करने का प्रयास है और तानाशाही की तरफ ले जाने वाला कदम है।' समाजवादी पार्टी सदस्य ने कटाक्ष करते हुए कहा कि जो लोग दो राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव एक साथ नहीं करा पाते हैं, वे पूरे देश में एक साथ चुनाव कराने की बात कर रहे हैं। यादव ने कहा कि इस विधेयक को वापस लिया जाना चाहिए। तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा कि यह प्रस्तावित विधेयक संविधान के मूल ढांचे पर हमला है और यह 'अल्टा वायरस' है। उन्होंने दावा किया कि इस विधेयक को स्वीकार नहीं किया जा सकता। बनर्जी ने कहा कि राज्य विधानसभाएं केंद्र और संसद के अधीनस्थ नहीं होती हैं, यह बात समझने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से संसद को कानून बनाने का अधिकार है, उसी तरह विधानसभाओं को भी कानून बनाने का अधिकार है। तृणमूल कांग्रेस सांसद ने कहा कि यह राज्य विधानसभाओं की स्वायत्ता छीनने का प्रयास है। उन्होंने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि कोई भी दल हमेशा सत्ता में नहीं रहेगा, एक दिन सत्ता बदल जाएगी। बनर्जी ने कहा, ह्लयह चुनावी सुधार नहीं है, एक व्यक्ति की महत्वाकांक्षाओं और सपनों को पूरा करने के लिए लाया गया है ।डीएमके नेता टीआर बालू ने सवाल किया कि जब सरकार के पास दो तिहाई बहुमत नहीं है तो फिर इस विधेयक को लाने की अनुमति आपने कैसे दी? इस पर बिरला ने कहा, 'मैं अनुमति नहीं देता, सदन अनुमति देता है।' बालू ने कहा, 'मैं सरकार से आग्रह करता हूं कि इस विधेयक को जेपीसी के पास भेजा जाए और विस्तृत विचार विमर्श के बाद इसे सदन में लाया जाए।' आईयूएमएल के नेता ईटी मोहम्मद बशीर ने विधेयक का विरोध करते हुए कहा कि यह लोकतंत्र, संविधान और संघवाद पर हमले का प्रयास है। शिवसेना (यूबीटी) के सांसद अनिल देसाई ने भी विधेयक का विरोध किया और कहा कि यह विधेयक संघवाद पर सीधा हमला है और राज्यों के अस्तित्व को कमतर करने की कोशिश है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के कामकाज की भी जांच परख होनी चाहिए और महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव में जो हुआ, उसे देखते हुए यह जरूरी हो गया है। लोकसभा में कांग्रेस के उप नेता गौरव गोगोई ने कहा कि ये दोनों विधेयक संविधान और नागरिकों के वोट देने के अधिकार पर आक्रमण हैं।

## संक्षिप्त खबरे

### युवक का संदिग्ध परिस्थिति में मिला शव

बेतिया(दैनिक उजाला)।जिले के सिकटा थाना क्षेत्र के शिकारपुर वार्ड नंबर 6 में एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थिति में मिला है. परिजनों ने पट्टीदारों पर पीट-पीट कर हत्या करने का आरोप लगाया है. घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है और मामले की जांच पड़ताल में जुटी गई है.मामले को लेकर थानाध्यक्ष राज रौशन ने बताया कि मृतक की पहचान शिकारपुर गांव के रहने वाले चंद्रजीत राव के बेटे दीनबंधु कुमार के रूप में हुई है. उन्होंने बताया कि मामले में परिजनों के आवेदन पर एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी. मृतक के पिता चंद्रजीत राव ने बताया कि मृतक (दीनबंधु) कर्नाटक में रहकर मजदूरी का काम करता था. उसके तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं. 6 महीने पहले वो घर आया था.उन्होंने बताया कि 8 कट्ठा जमीन को लेकर उनके पट्टीदार से उनका पहले से विवाद चल रहा था. उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि इसी को लेकर रामबाबू राव, लाल राव, आकाश कुमार, रोबिन कुमार तथा आशुतोष कुमार एक साथ होकर लाठी-डंडे से हमला कर दीनबंधु की हत्या कर दी है. उन्होंने बताया कि दीनबंधु घर के पास आलू के कोला में मृत पड़ा हुआ था. उसका सिर फटा हुआ है और चेहरे और शरीर पर कई जख्म के निशान हैं. फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है

### बहन से मिलकर लौट रहे तीन भाइयों की सड़क दुर्घटना में मौत

कटिहार(दैनिक उजाला) ।रौतारा थाना क्षेत्र के गोविंदपुर में कटिहार-पूर्णिया मुख्य मार्ग पर बहन से मिलकर पूर्णिया जा रहे तीन भाइयों की सड़क हादसे में मौत हो गई। तीनों एक ही बाइक पर सवार थे। तीनों पूर्णिया के सदर थाना क्षेत्र के जोरा जलकाई चिकनी बाजार के रहने वाले थे। मृतकों की पहचान मेहदुर (17 वर्ष), अशफीर आलम (16 वर्ष) व दिलबर (17 वर्ष) के रूप में हुई है। घटना कटिहार के गोबिंदपुर चौक के पास हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मारी और चालक वाहन लेकर भाग निकला ।रौतारा थानाध्यक्ष सोनू कुमार ने बताया कि ट्रैक्टर चालक की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। अशफीर के पिता मो. मोजिब ने बताया कि तीनों आपस में चचेरे भाई थे और मेहदुर की बहन महमूद चौक निवासी रूलेखा खातून से मिलने गए थे। वापस लौटने के दौरान हादसा हुआ। पुलिस ने उन्हें हादसे की सूचना दी। सूचना पर पूर्णिया से पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है ।बहन रूलेखा भी सदर अस्पताल पहुंची और तकदीर को कोसती रही। तीनों किशोरों के सिर पर गंभीर चोट लगी थी। स्थानीय लोगों ने फौरन पुलिस को सूचना दी। रौतारा थाना की गश्ती टीम तीनों को लेकर सदर अस्पताल पहुंची, जहां डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया।



### वन नेशन वन इलेक्शन आरएसएस का एजेंडा है : तेजस्वी यादव

पटना(दैनिक उजाला) ।राष्ट्रीय जनता दल ने वन नेशन वन इलेक्शन यानी एक देश एक चुनाव के बिल को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का एजेंडा करार दिया है। उन्होंने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार आरएसएस के एजेंडे को पूरे देश में लागू करना चाहती है। इलेक्शन कमीशन जब बिहार जैसे प्रदेश में एक साथ चुनाव नहीं करा सकता है, तो पूरे देश में एक साथ चुनाव कैसे कराएगा। लोकसभा में मंगलवार को वन नेशन वन इलेक्शन पेश हुआ, जिसे आरजेडी समेत अधिकतर विपक्षी दलों ने विरोध किया है ।तेजस्वी ने कहा कि बिहार को देश में अवल्ल लाना उनका लक्ष्य है। प्रदेश में बेरोजगारी और पलायन सबसे बड़ी समस्या है। वह अपनी बिहार यात्रा के चौथे चरण में कोसी और सीमांचल क्षेत्र का दौरा करके आरजेडी कार्यकताओं से संवाद कर रहे हैं। इस दौरान क्षेत्र की समस्याओं से भी अवगत हो रहे हैं ।तेजस्वी ने कहा कि कार्यकताओं के फीडबैक के आधार पर आरजेडी ने फैसला लिया है कि बिहार में महागठबंधन की सरकार बनने पर माई-बहन सम्मान योजना के तहत महिलाओं को 2500 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। बीपीएससी परीक्षा में गड़बड़ी के मामले पर उन्होंने राज्य की नीतीश सरकार को घेरा और कहा कि माफिया को सत्ता का संरक्षण प्राप्त है।



### जागरूकता दिव्यांगता के प्रसार में कमी लाने का सशक्त साधन: डॉ मनोज तिवारी

वाराणसी(दैनिक उजाला) ।नई सुबह संस्था वाराणसी द्वारा डॉं अजय तिवारी के निर्देशन में राजनिधि के अंतर्गत दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग उत्तर प्रदेश के दो दिवसीय उन्मुखीकरण/प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए वरिष्ठ मनोवैज्ञानिक डॉ मनोज कुमार तिवारी वरिष्ठ परामर्शदाता एआरटीसी, एस एस हॉस्पिटल आईएमएस बीएचयू ने आंगनवाड़ी कार्यत्रियों को गर्भावस्था, प्रसव के दौरान एवं प्रसव के पश्चात के दिव्याँगता के कारणो के बारे में विस्तार से बताया तथा उन कारणों के निवारण के बारे में भी विस्तार से चर्चा किया। उन्होंने कहा कि दिव्याँगता के कारणों का निवारण करके समाज में दिव्याँगता के प्रसार को कम किया जा सकता है। डॉ तिवारी ने बताया कि दिनचर्या, खान पान, धनात्मक सोच, स्वच्छता, संक्रमण से बचाव, टीकाकरण, तनाव रहित वातावरण, प्रसव के समय सावधानियां एवं बच्चों के देखरेख पर व्यापक प्रकाश डाला ।कार्यक्रम को सफल बनाने में अनुराग तिवारी (आजाद), डॉ. आदित्य तिवारी, अमरेश कुमार यादव, प्रबलीन कौर और गौरव का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन मनोवैज्ञानिक अर्पित मिश्रा तथा अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन राजीव कुमार सिन्हा ने किया।



# फरार अपराधियों की अब खैर नहीं,100 फरार अपराधियों के घर जेसीबी लेकर पहुंची पुलिस

दैनिक उजाला/मोतिहारी/जिला ब्यूरो ।वारदातों को अंजाम देकर फरार हुए कुख्यात बदमाशों की अब खैर नहीं है। पुलिस ने ऐसे अपराधियों के खिलाफ एक बड़े अभियान की शुरूआत कर दी है। मोतिहारी पुलिस ने विभिन्न मामलों में फरार चल रहे 100 कुख्यात बदमाशों को लिस्ट तैयार की है, जिनके खिलाफ अभियान चलाकर कुर्की जब्ती की कार्रवाई शुरू कर दी है। एसपी स्वर्ण प्रभात ने अपराधियों के विरुध्द एक बड़ा अभियान चलाया है। पुलिसने विभिन्न मामलों में फरार चल रहे है ऐसे 100 अपराधियों को चिन्हित किया है। जिले में एक अभियान के तहत तकरीबन 100 कुख्यात अपराधियों के घर की कुर्की एक साथ की गई। इस कुर्की के अभियान खुद एसपी स्वर्ण प्रभात निकले और छतौनी थाना क्षेत्र के धर्मसमाज रोड खुदानगर में पहुंचकर फरार अपराधी विश्वनाथ विश्वास के घर की कुर्की कराई। छौरादानो में वर्षो से फरार चल रहे 2 अपराधियों ने सरेंडर किया है तो चिरैया थाना ने 3 घरों की कुर्की की गई, जबकी एक अपराधी को कुर्की पर पहुंची पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। फेनहारा थाने में 2 अपराधियों ने सरेंडर किया। वहीं रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के छोटू साह ने न्यालालय में आत्मसमर्पण किया। कृष्णनंदन सहनी ने मधुबन थाना में आत्मसमर्पण किया। संग्रामपुर थाना में 2 अपराधियों ने आत्मसमर्पण किया। वही चकिया थाना अध्यक्ष अरविंद कुमार ने भी एसपी के मुहिम में थाना क्षेत्र के तीन आरोपियों के घर कुर्की की है। एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि विभिन्न मामलों में फरार चल रहे लगभग 100 कुख्यात अपराधियों के विरुद्ध पूरे जिले में एक साथ कुर्की का अभियान चलाया गया है। जिसमें से कुछ अपराधियों ने तो सरेंडर कर दिया है पर अब भी जिन अपराधियों ने सरेंडर नहीं किया है। उनके घर की कुर्की की जा रही है। साथ ही अपराध के बदौलत जिन लोगों ने अकूत सम्पति अर्जित किया है। उनके खिलाफ भी बड़ी कार्रवाई की जाएगी ।एसपी स्वर्ण प्रभात ने कहा कि अपराधी कानून का पालन करें, अपराध छोड़ें नहीं तो आगे भी अपराध से अर्जित संपत्ति जब्त की जाएगी।



# सीएम नीतीश कुमार अब 23 दिसंबर से प्रगति यात्रा पर निकलेंगे

**नीतीश के महिला संवाद कार्यक्रम का बदला नाम**



पटना(दैनिक उजाला) ।मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अब प्रगति यात्रा पर निकलेंगे। जिसका पहला चरण 23 से 28 दिसंबर तक चलेगा। यात्रा का आगाज पश्चिमी चंपारण से होगा। 24 को पूर्वी चंपारण, 26 को शिवहर, सीतामढ़ी, 27 को मुजफ्फरपुर और 28 को वैशाली में प्रगति यात्रा निकलेगी। इससे पहले 15 दिसंबर को नीतीश कुमार महिला संवाद यात्रा पर निकलने वाले थे। लेकिन अब यात्रा के नाम और तारीख में बदलाव कर दिया गया है ।आपको बता दें बिहार कैबिनेट ने महिला संवाद कार्यक्रम के लिए ग्रामीण विकास विभाग के 225 करोड़ के प्रस्ताव को नवंबर में मंजूरी दी थी। पहले कार्यक्रम का नाम महिला संवाद यात्रा था। जिसका आगाज 15 दिसबंर से होना था। लेकिन अब यात्रा का नाम प्रगति यात्रा रखा गया है, और तारीख को आगे बढ़ा दिया गया है ।बिहार में चुनाव से पहले नीतीश कुमार का किसी यात्रा पर जाना कोई नई बात नहीं है। वो अब तक करीब 14 यात्राएं कर चुके हैं। इस यात्रा का मकसद बिहार की जनता को नीतीश सरकार के कार्यकाल में हुई राज्य की प्रगति के बारे में बताना है। फिर चाहे वो शराबबंदी जैसा बड़ा फैसला हो, महिला सशक्तिकरण हो, बिहार का विकास हो, स्वास्थ्य, शिक्षा के क्षेत्र में किए गए काम हो। या फिर नौकरी और रोजगार की बात हो।

# न्यायालय का चपरासी और पूर्व जिला परिषद के पुत्री निकली शराब तस्कर

दैनिक उजाला/ मोतिहारी/ जिला ब्यूरो मोतिहारी एसपी स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर पुलिस ने बड़ी करवाई किया है ।पुलिस ने बंजरिया थाना क्षेत्र के झखिया में करवाई करते हुए न्यायालय के चतुर्थ वर्गीय कर्मी के घर से भारी मात्रा में शराब बरामद किया है ।पुलिस ने तीन तस्कर को भी गिरफ्तार किया है ।गिरफ्तार तस्कर में एक महिला पूर्व जीप सदस्य की पुत्री बतायी जा रही है ।मिठाई दुकान के आड़ में शराब तस्करी का बड़ा खेल चल रहा था ।पुलिस गिरफ्तार तस्कर पर करवाई में जुटी है। एसपी स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर बंजरिया थाना क्षेत्र के झखिया चौक पर पुलिस ने शराब तस्करों के बिरुद्ध बड़ी करवाई किया है। पुलिस ने छपेमारी में एक सरकारी कर्मी के घर से भारी मात्रा में अंग्रेजी व देसी चुलाई शराब बरामद किया है। साथ ही सरकारी दंपति व पूर्व जिला परिषद सदस्य के पुत्री को भी गिरफ्तार किया है। साथ ही एक बाईक व मोबाइल को भी बरामद कर थाना लाया है। पुलिस बाईक को थाने लाकर सत्यापन करने में जुटी है। गिरफ्तार तस्करों में थाना क्षेत्र के झखिया निवासी सह बंजरिया 22 के पूर्व जिला परिषद सदस्य मंजू देवी का पुत्री पूजा कुमारी व सरकारी कर्मी बाबूलाल सहनी व पत्नी उषा देवी हैं। मामले में पुलिस गिरफ्तार तीनों सहित 10 तस्करों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई में जुटी है। बरामद शराब की बोतलों में रॉयल स्टैग नामक अंग्रेजी शराब का 750 एमएल का 7 पीस, 375 एमएल का 13 पीस, एमसी डॉवल्स नामक शराब का 750 एमएल का 11 पीस, जुबली नामक अंग्रेजी शराब के 180 एमएल का 38 पीस, किंग फिशर बीयर नामक शराब का 500 एमएल का 12 पीस व 8पीएम फ्रूटी नामक शराब के 180 का 13 पीस, ओकेन नामक अंग्रेजी शराब के 750 एमएल का एक पीस व 70 लीटर देसी चुलाई शराब शामिल है ।जिसका नेतृत्व मुफस्सिल सर्किल इंस्पेक्टर अरशद रजा कर रहे थे। थानाध्यक्ष इंद्रजीत पासवान ने बताया कि उक्त जगह से 34.305 लीटर अंग्रेजी व 70 लीटर देसी चुलाई शराब बरामद किया है। साथ ही एक पुरुष व दो महिला तस्कर को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। एक बाईक व मोबाइल को भी जब्त कर अग्रेत्तर कार्रवाई की जा रही है। जिसका सत्यापन किया जा रहा है ।थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में गिरफ्तार तीनों तस्कर सहित 10 तस्करों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार तस्करों में बाबूलाल सहनी मोतिहारी न्यायालय में चतुर्थीवर्गीय कर्मी के पद पर कार्यरत है। जिसको लेकर वरीय अधिकारियों को पत्र लिखा जा रहा है। छापेमारी में मुफ्सिल इंस्पेक्टर अरशद रजा, बंजरिया थानाध्यक्ष, जिला एलटीएफ प्रभारी सह इंस्पेक्टर मनोज प्रसाद, दरोगा त्रिभुवन कुमार, संजय कुमार यादव, सुगौली, महिला थाना सहित सभी एलटीएफ सहित पर्याप्त मात्रा में पुरुष व महिला पुलिस बल शामिल थे।



# गोपालगंज निवासी जवान मनीष तिवारी जम्मू-कश्मीर के राजौरी में शहीद

पटना(दैनिक उजाला) ।जम्मू-कश्मीर के राजौरी में देश की सुरक्षा में तैनात गोपालगंज जिले के भोरे के रहने वाले जवान मनीष तिवारी शहीद हो गए. शहीद मनीष तिवारी ने अपनी पत्नी श्रेया देवी से रविवार की रात करीब नौ बजे बात की थी. बच्चों से लेकर परिजनों तक का हाल-चाल जाना था, लेकिन उन्हें क्या पता था कि यह उनकी अंतिम बार बात हो रही है. अगले दिन सोमवार की शाम घर वालों तक शहीद होने की खबर पहुंच गई. इसके बाद मातम पसर गया.खबर आने के बाद पत्नी श्रेया अपने दोनों बच्चों को संभाल नहीं पा रही थीं. परिवार में चीख-पुकार मच गई. मां ललीता देवी के आंसू नहीं रुक रहे थे. परिजनों को संभालने के लिए लोगों की भीड़ जुट गई.ग्रामीणों ने बताया कि मनीष कुमार तिवारी करीब 13 वर्ष पूर्व सेना के एयर डिफेंस यूनिट में तैनात हुए थे. अभी पांच महीने पहले ही ग्वालियर से जम्मू कश्मीर के राजौरी में पोस्टिंग हुई थी. इंटर की पढ़ाई करने के बाद 21 वर्ष की उम्र में ही सेना ज्वाइन कर युवाओं के लिए मनीष प्रेरणा बन गए थे. 2007-08 में उन्होंने मैट्रिक की परीक्षा पास की थी. लोगों ने कहा कि मनीष ने देश की सुरक्षा के लिए कुबार्नी दी है. इससे पूरे गांव को गर्व है. आज हर व्यक्ति की आंखों में आंसू है. गम और गर्व के बीच ग्रामीण अंतिम दर्शन के लिए इंतजार कर रहे हैं. गांव के लोगों को मनीष पर नाज है.जम्मू कश्मीर के राजौरी में आतंकवादी हमले में शहीद हुए भोरे के लाल मनीष कुमार तिवारी के पिता मार्कण्डेय तिवारी भी सेना में अपनी सेवाएं दे चुके हैं. सेवा के दौरान वे भी एयर डिफेंस यूनिट में ही तैनात थे. फिलहाल सेवानिवृत्ति के बाद अपने गांव तिवारी चफवा में रह कर खेती-बारी का काम देखते हैं. बेटे के शहीद होने की सूचना जैसे ही मिली वे सन्न रह गए. आंखों में आंसू भर आए पर सिर गर्व से ऊंचा था. डिफेंस आर्मी कोर यूनिट में हवलदार के पद पर थे तैनात भोरे थाना क्षेत्र के तिवारी चफवा गांव निवासी रिटायर जेसीओ मार्कंडेय तिवारी के पुत्र मनीष कुमार तिवारी डिफेंस आर्मी कोर यूनिट में हवलदार के पद पर राजौरी में तैनात थे. सोमवार की अहले सुबह जब वह अपने निर्धारित पोस्ट से ड्यूटी कर यूनिट की तरफ लौट रहे थे, तभी घात लगाये आतंकवादियों ने हमला कर दिया. इस घटना में मनीष की मौत हो गयी. मौत की सूचना एयर डिफेंस यूनिट के जेए ने मनीष के पिता मार्कंडेय तिवारी को फोन कर दी. अधिकारियों ने नजदीकी एयर बेस की जानकारी भी ली, ताकि पार्थिव शरीर को पूरे सैनिक सम्मान के साथ घर तक पहुंचाया जा सके. परिजनों के अनुसार पार्थिव शरीर मंगलवार देर शाम तक आने की संभावना है.



## खबरे एक नजर में

### हथियार के साथ एक गिरफ्तार

सीवान(दैनिक उजाला)। जीबी नगर थाना क्षेत्र की पुलिस ने वाहन चेकिंग के क्रम में जीबी नगर थाना क्षेत्र के नाथनपुरा गांव में स्थित पुल के पास से भरतपुर गांव निवासी प्रकाश तिवारी उर्फ तिवारी पिता अवधेश तिवारी जीबी नगर थाना को अवैध हथियार एवं कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के पास से एक देसी कट्टा एक जिंदा कारतूस एवं एक मोबाइल बरामद किया गया है। पुलिस गिरफ्तार अभियुक्त को थाने लाकर पूछताछ कर रही है।

### शराब बरामदगी मामले में तीन पर दर्ज हुआ केस

दरौंदा(दैनिक उजाला)। थाना क्षेत्र के रामचंद्रापुर गांव से पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी करते हुए 44.28. लीटर विदेशी शराब बरामद किया. इस संबंध में थाना के एएसआई उमेश कुमार के बयान पर थाना कांड संख्या 573/24 में तीन लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है. पुलिस ने ऑफिसर चॉइस 534 पीस जो कुल 44.280 लीटर शराब थी. इसमें रामचंद्रापुर गांव निवासी मंटू यादव, गुड्डू यादव एवं बुलेट यादव पर प्राथमिकी दर्ज की गई है.

### दो पक्षों के बीच मारपीट में एक व्यक्ति घायल

सिसवन(दैनिक उजाला) ।थाना क्षेत्र के गंगपुर सिसवन गांव में मंगलवार को आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया ।घायल व्यक्ति गंगपुर सिसवन गाँव निवासी शिव प्रसाद राम का पुत्र सत्येंद्र राम है ।घायल का इलाज सिसवन रेफरल अस्पताल में कराया गया है।

### शराब पीने के आरोप में एक गिरफ्तार

सिसवन(दैनिक उजाला) ।थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए शराब पीने के आरोप में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया ।गिरफ्तार आरोपी की पहचान शाईपुर गांव निवासी प्रदीप राम के रूप में हुई है। गिरफ्तार आरोपी पर आगे की कार्रवाई करने के लिए मंगलवार को सिवान न्यायालय भेज दिया गया।

### गंभीरपुर गांव से 142 लीटर देसी शराब बरामद, तस्कर फरार

नौतन(दैनिक उजाला) ।स्थानीय पुलिस ने विगत रात्रि थाना क्षेत्र के गंभीरपुर गांव में छापेमारी कर भारी मात्रा में देसी शराब बरामद कर लिया। वहीं शराब तस्कर पुलिस की भनक लगते ही फरार हो गया। बता दें कि सोमवार की देर शाम में थाना अध्यक्ष उमेश कुमार पासवान को गुप्त सूचना मिली, कि थाना क्षेत्र के गंभीरपुर गांव में एक शराब तस्कर भारी मात्रा में शराब रखकर शराब की तस्करी कर रहा है। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष उमेश कुमार पासवान पुलिस बल के साथ बताए गए स्थान पर छापेमारी करने पहुंच गए। छापेमारी के दौरान पुलिस ने उक्त स्थान से उत्तर प्रदेश निर्मित भारी मात्रा में देसी शराब बरामद किया। बरामद शराब को पुलिस द्वारा थाने ले जाया गया। वहीं पुलिस के पहुंचने से पहले ही शराब तस्कर वहां से फरार हो गया था। थानाध्यक्ष उमेश कुमार पासवान ने बताया कि शराब तस्कर की पहचान गंभीरपुर गांव निवासी गोपाल यादव के पुत्र आलोक कुमार यादव के रूप में की गई है, जिसके यहां से उत्तर प्रदेश निर्मित 142 लीटर देसी शराब बरामद किया गया है। उक्त शराब तस्कर के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के अंतर्गत एफआ-ईआर दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### 21 व 22 को होगा तंजीम-ए-इंसाफ का राज्य सम्मेलन :मोइन अली

महाराजगंज(दैनिक उजाला)। एआईएसएफ के जिला सचिव मोइन अली ने बताया कि बड़हरिया प्रखंड कार्यालय के खेल मैदान में आल इंडिया तंजीम-ए-इंसाफ का तीसरा बिहार राज्य सम्मेलन 21 व 22 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। इसकी तैयारी जोर-शोर से चल रही है। यह जानकारी देते हुए भाई सरकार उर्फ मोइन अली ने बताया कि इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य अल्पसंख्यक समुदाय के संवैधानिक अधिकारों, शिक्षा, रोजगार और सुरक्षा जैसे मुद्दों पर गंभीर विचार-विमर्श करना और रणनीति तय करना है। कार्यक्रम की शुरूआत 21 दिसंबर की सुबह 11 बजे से होगी। इसमें अल्पसंख्यक अधिकार रैली का आयोजन भी होगा। कार्यक्रम में सांसद, विधायक और सामाजिक कार्यकर्ता अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। इसके लिए अतिथियों को आमंत्रित किया जा रहा है। कार्यक्रम के स्वागत सचिव अधिवक्ता इरफान अहमद ने अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने की अपील की है।

### 40 लीटर शराब बरामद

दैनिक उजाला/रघुनाथपुर। स्थानीय पुलिस ने संध्या गश्ती के दौरान पुसअनि प्रदीप कुमार यादव ने राजपुर से चालीस लीटर देशी शराब बरामद किया है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर विजय कुमार चौधरी ने बताया कि गश्ती दल ने राजपुर गांव से एक बोरी में 80 पीस देशी शराब जप्त किया। वहीं पुलिस की आहट मिलते ही तस्कर ने अंधेरे का लाभ उठाते फरार होने में सफल रहा। स्थानीय चौकीदार की पहचान पर राजपुर निवासी का नाम गुप्त में रखकर दो तस्कर को कांड 333/24 के तहत नामजद किया गया है। श्री चौधरी ने कहा कि जिला प्रशासन के सहयोग से ड्रोन के माध्यम से शराब की जांच और छापामारी की जा रही है।

### देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की प्रतिमा के समक्ष विधायक ने दिया धरना

जीरादेई(दैनिक उजाला) ।जीरादेई विधायक अमरजीत कुशवाहा के द्वारा महाधरना का आयोजन किया गया। इस महाधरना में विधायक अमरजीत कुशवाहा ने कहा कि आज आजादी के 78 साल भी जाने के बाद भी बड़े दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि आज भी डॉ.राजेंद्र प्रसाद जी को अपेक्षित किया जा रहा है। विधायक ने कहा की बिहार विधानसभा में मेरे द्वारा कई बार राजेंद्र प्रसाद की जन्म धरती,जीरादेई मोड़ से राजेन्द्र बाबू के घर व जामापुर सड़क का चौड़ीकरण, स्ट्रीट लाइट लगाते हुए पर्यटक स्थल मेरे द्वारा मांग किया गया, उसके बाद भी किसी प्रकार का कोई कार्य नहीं किया गया है और ना ही आवंटित है। इस प्रकार की अपेक्षित करना भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद के साथ एक अपमान है और एनडीए शासित सरकार यदि इस प्रकार की अपेक्षित करेगी तो हम इससे भी बड़ा आंदोलन पटना में करेंगे ।वही सोहेला गुप्ता ने कहा कि हम कई बार इसके लिए जिला में आंदोलन किए हैं जब तक काम नहीं हो जाता तब तक हम ऐसे ही आंदोलन करते रहेंगे और जनता को बताते रहेंगे ।वही राजद के प्रखंड अध्यक्ष ने कहा राजेंद्र बाबू के लिए और उनके संघर्षों के लिए आजीवन प्रयास और लड़ाई करते रहेंगे जब तक कि उनकी एनडीए सरकार द्वारा अपेक्षित कार्यों को पूरा नहीं कर लिया जाता है। इस मौके पर भाकपा माले प्रखंड सचिव सुरेंद्र प्रसाद एपावा राज्य अध्यक्ष सोहिल गुप्ता राजद जिला उपाध्यक्ष हरेंद्र पटेल राजद प्रखंड अध्यक्ष छठी लाल गुप्ता देवेंद्र राम जिला कमेटी सदस्य माले विनोद यादव प्रेमकांत यादव गजाधर यादव अनिल प्रसाद मनोज बैठा जोगिंदर यादव मुखिया जीरादेई अच्छेलाल प्रसाद विशाल यादव सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

### गुम हुए बच्ची को खोजने में परिजन हुआ परेशान, थाना में दिया आवेदन

दैनिक उजाला /मोतिहारी/ जिला ब्यूरो गुम हुए बच्चों को खोजने में परिजनों का हुआ बुरा हाल। परिजनों ने बताया कि 15 नवंबर को समय करीब 11.00 बजे में अपनी पुत्री गीतांजलि कुमारी उम्र करीब 6 वर्ष के साथ मेरे ग्राम के बगल के जिनका मकान बेलबनवा में है। जिनका नाम स्व० नागेन्द्र नाथ दूबे है ।इसी बीच मेरी पुत्री गीतांजलि कुमारी मुझसे कहने लगी की मुझे बाजार व मेला दिखाने ले चलो। जब मैंने उसे शाम को चलने की बात बोली तो वह काफी रोने लगी। 'जब मै अपने ग्रामीण के घर पर खाना खाने गई और जब मैं उसे भी खाने के लिए कहने आई तो वह उस जगह पर नही थी। उसे काफी खोजबीन की काफी प्रयास मेरे ग्रामीण ने भी किया लेकिन कही नहीं मिली। उक्त मामले को लेकर नगर थाना प्रभारी ने बताया कि आवेदन मिलते हैं। केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### कंस्ट्रक्शन मजदूरों के लाभों को लेकर हुई चर्चा

दैनिक उजाला/रघुनाथपुर इंटक प्रदेश महासचिव अखिलेश पांडेय ने कुशहरा पंचायत भवन परिसर में बीओसी डब्लू बोर्ड के विभिन्न लाभों पर चर्चा किया ।श्री पांडेय ने अपने सम्बोधन में कहा कि मातृत्व लाभ, शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता, नगद पुरस्कार, विवाह के लिए वित्तीय सहायता, साइकिल योजना, औजार योजना, भवन मरम्मती अनुदान योजना, लाभार्थी को चिकित्सा सहायक, वार्षिक चिकित्सा सहायक योजना, पेंशन योजना, विकलांग पेंशन योजना, दाह संस्कार योजना, मृत्यु लाभ,पारिवारिक पेंशन, पितृत्व लाभ, आयुष्मान कार्ड एवं बिहार शताब्दी असंगठित कार्य क्षेत्र के कामगार एवं शिल्पकार बिना निबंधन मजदूरों को सामाजिक सुरक्षा योजना देय है ।उन्होंने शताब्दी और प्रवासी लाभ के बारे में 50 हजार से लेकर 2 लाख तक के मिलने वाले लाभ के बारे में विस्तृत जानकारी दिया ।इस कार्यक्रम में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी गौतम कुमार ने भी अन्य लाभों की जानकारी दिया ।मौके पर रघुनाथपुर इंटक प्रखंड अध्यक्ष इंटक विजय भगत,महामंत्री सुजीत कुमार, कुशहरा पंचायत के अनुरुद्ध कुमार सहित अनेक मजदूर मौजूद थे।

# सदर प्रखंड परिसर में पासपोर्ट सेवा मोबाईल वैन कैम्प का हुआ उद्घाटन



सिवानः में पासपोर्ट सेवा मोबाईल चैन कैम्प का आयोजन किया जा रहा है।इस कैम्प में नये एवं पुनर्निगमन पासपोर्ट आवेदन स्वीकार किए जाएंगे।इस कैम्प के लिए प्रतिदिन 55 अप्वाइंटमेंट स्लॉट जारी किए जाएंगे। बताया गया कि ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन तथा अधिक

सीवान(दैनिक उजाला)। मंगलवार को पासपोर्ट बनवाने हेतु विशेष कैंप कार्यालय का उद्घाटन सिवान सदर प्रखंड परिसर में श्रीमती स्वधा रिजवी (आईएफएस) क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी, पटना एवं जिला पदाधिकारी सिवान के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया ।अपने संबोधन में श्रीमती स्वधा रिजवी ने बताया कि पासपोर्ट हेतु कुल प्राप्त आवेदनों में से जिन तीन जिला से सबसे ज्यादा आवेदन प्राप्त हुए हैं। उनमें सिवान भी शामिल है। डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र, सिवान में आवेदकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, पटना द्वारा दिनांक 17 से 19 दिसम्बर, 2024 तक रबीडीओ कार्यालय, श्रीनगर, न्यू ऑफिसर्स कॉलोनी, जानकारी के लिए कृपया हमारे वेबसाइट देखें। आवेदकों को ऑनलाईन आवेदन भरकर निर्धारित शुल्क जमाकर पासपोर्ट सेवा मोबाईल वैन कैंप, सिवान के लिए अप्वाइंटमेंट लेना होगा एवं लिए गए नियत दिन, समय एवं स्थान पर आवश्यक कागजातों की मूलप्रति एवं इन सभी की स्व-अभिप्रमाणित छायाप्रति लेकर फोटो, उँगलियों के निशान एवं आवेदन तथा मूल प्रमाणपत्रों की जांच हेतु सशरीर उपस्थित होना होगा ।जरूरी कागजात संबंधी जानकारी के लिए आवेदक उपरोक्त वेबसाइट का अवलोकन कर सकते हैं। इस कैम्प में पीसीसी हेतु आवेदन, किसी कारण अथवा प्रमाणपत्र हेतु रोके गए आवेदन एवं बिना पूर्व में ऑनलाईन समय लिए गए आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे ।अंत में उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, पटना आगे भी ऐसी ही सेवा प्रदान करते रहने हेतु वचनबद्ध है ।जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने के लिए क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी पटना को धन्यवाद ज्ञापित किया ।उन्होंने आशा करते हुए अनुरोध किया कि भविष्य में ऐसे कैंप सिवान जिले में आयोजित किये जाए ।ताकि यहां के निवासियों को बगैर किसी परेशानी के पासपोर्ट उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने बताया कि सिवान जिले से बड़ी संख्या में निवासी विदेश रोजगार की तलाश में जाते हैं। पासपोर्ट बनवाने हेतु इस तरह की सुविधा उपलब्ध कराने से उनके मनोबल को बढ़ावा मिलेगा।

## राज्य स्तरीय ट्रैकिंग सह नेचर स्टडी कोर्स के लिए लखीसराय रवाना हुई भारत स्काउट एवं गाइड की टोली



बसंतपुर(दैनिक उजाला)। उच्च माध्यमिक विद्यालय बसंतपुर के भारत स्काउट एवं गाइड की टोली मंगलवार को मास्टर बालेश्वर राय के एवं रेंजर लाडली परवीन के नेतृत्व में राज्य स्तरीय ट्रैकिंग सह नेचर स्टडी कोर्स में शामिल होने के लिए लखीसराय रवाना हुए। प्रधानाध्यापक विजय शंकर पाण्डेय ने बताया कि अगामी 18 दिसंबर से 22 दिसम्बर तक लखीसराय अशोक धाम में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय ट्रैकिंग सह नेचर स्टडी कोर्स शामिल होने के लिए गाइड 13 व स्काउट 5 की टोली को रवाना किया गया है। जिला संगठन आयुक्त भानुप्रताप ओझा के मार्गदर्शन में भारत स्काउट एवं गाइड उक्त कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम में शामिल होने में रोंवर विशाल कुमार, सुमित कुमार, स्काउट आदित्य राज, सुभम सिंह, प्रभात कुमार, रेंजर लाडली परवीन गाइड रौशनी कुमार, पुष्पा कुमारी, सिमरन कुमारी, नेहा कुमारी, प्रीती कुमारी, निकिता कुमारी, खुशी कुमारी, प्रीती कुमारी, मनीषा कुमारी, खुश्बू कुमारी, सपना कुमारी आदि शामिल है।

## मैरवा में फायरिंग मामले में पुलिस ने एक अपराधी को किया गिरफ्तार




मैरवा(दैनिक उजाला) ।मैरवा थाना क्षेत्र के गुठनी मोड़ के अंबेडकर गैस एजेंसी के समीप सोमवार की रात फायरिंग करने के दौरान पुलिस ने एक अपराधी गिरफ्तार कर लिया.पुलिस ने उसके पास एक अवैध पिस्टल और तीन जिंदा कारतूस और एक चोरी की बाइक बरामद किया है.हालांकि फायरिंग की बात को पुलिस अफवाह बता रही है.गिरफ्तार अपराधी की पहचान सीवान के मुफ्फसिल थाना के जमसीकरी गांव के पृथ्वीनाथ सिंह के पुत्र नीतीश कुमार सिंह के रूप में हुई. गिरफ्तार अपराधी के ऊपर मैरवा, नौतन, मुफ्फसिल थाना में दर्जनो आर्म्स और रंगदारी तथा धमकी के मुकदमे दर्ज है.बताया जाता है की गुठनी मोड़ के इंडेन गैस एजेंसी के समीप दो बाइक पर सवार चार अपराधी पहुंचे जंहा अचानक किसी ने फायरिग कर दिया.जिसके बाद आस पास के क्षेत्रों में दहशत कायम हो गया.वहां दर्जनो की संख्या में लोगो की भीड़ उमड़ पड़ी.सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी रकेश कुमार ने दलबल के साथ एक अपराधी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है.इस संबंध में थाना प्रभारी राकेश कुमार ने बताया की बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए पहुंचे अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है.फायरिंग की बात अफवाह है

## राजपुर क्रिकेट महाकुंभ : गोपालगंज ने बागी बलिया को चार विकेट से हराया




दैनिक उजाला/रघुनाथपुर ।प्रखंड क्षेत्र के राजपुर उच्च विद्यालय सह इंटर कॉलेज खेल मैदान में मंगलवार को राजपुर क्रिकेट महाकुंभ में बागी बलिया बनाम गोपालगंज के बीच क्रिकेट मैच हुआ। इस दौरान विद्यालय शिक्षक जय प्रकाश यादव, शिक्षक गणेश सिंह, शिक्षक सह बिहार प्रसिद्ध गीतकार विनय कुमार सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। खेल के आरम्भ में मैदान के बीच टॉस उछाला गया जहाँ गोपालगंज के कप्तान ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने की फैसला किया। पहले खेलते हुए बागी बलिया की टीम ने बीस ओवर में कुल 150 रन बनाकर 151 रन का लक्ष्य रखा। वही जबाब में गोपालगंज की टीम ने 16.2 ओवर में ही लक्ष्य को पुरा करते हुए चार विकेट से जीत दर्ज की। वही शानदार प्रदर्शन के लिए गोपालगंज टीम के कमल को मैन ऑफ मैच घोषित किया गया। इस मौके पर विद्यालय डाइरेक्टर श्री यादव ने कमल को उपहार से सम्मानित किया। इस खेल का आंखों देखा हाल सुजीत कुमार निराला, स्कोरर अंकित कुमार, सोनू कुमार और ऐम्पायर अनुप कुमार, विमलेश कुमार खेल संचालन किया ।खेल में छक्का और चौका की बौछार देखने के लिए समाज सेवी राजेश कुमार, पूर्व सरपंच सह सीपी विद्यालय डाइरेक्टर दिनेश कुमार यादव,मृगेंद्र कुमार सिंह, आशुतोष कुमार तिवारी, सुनिल कुमार सिंह, संजय कुमार सिंह सहित हजारों दर्शक उपस्थित थे।

## महिला हिंसा उन्मूलन कार्यक्रम का हुआ आयोजन



सीवान(दैनिक उजाला) ।जिला अंतर्गत मंगलवार को महिला एवं बाल विकास निगम के द्वारा चलाई जा रही महिला हिंसा उन्मूलन कार्यक्रम सीवान सदर प्रखंड में बाल विकास परियोजना कार्यालय की सेविका के साथ किया गया ।जिसमें जिला मिशन समन्वयक,मिशन शक्ति के द्वारा जिसमें सीवान सदर की महिलाओं को पीसीपीएनडीटी एक्ट के बारे जानकारी दी गयी ।बताया गया कि भ्रूण हत्या करना अपराध है। ऐसा करने वालों के लिए सजा का प्रावधान है ।बताया गया कि कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न या किसी प्रकार की हिंसा होने पर जिला हब कार्यालय या वन स्टॉप सेंटर कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है। प्रत्येक कार्यालय में आंतरिक शिकायत समिति बनायी गयी है। वहां अपनी शिकायत की जा सकती है। मौके पर वन स्टॉप सेंटर की केंद्र प्रशासक के द्वारा महिलाओं के साथ हो रहे घरेलु हिंसा और 181 के बारे में जानकारी दी गयी। बताया गया कि वन स्टॉप सेंटर में महिलाओं को एक छत के नीचे काउंसिलिंग, चिकित्सा सुविधा, कानूनी सलाह,अल्पकालिक आश्रय तथा एफआईआर दर्ज करवाने में मदद की जाती है। उनके द्वारा बालविवाह के विरुद्ध शपथ ग्रहण भी करवाया गया। महिला एवं बाल विकास निगम के द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी गयी।

## उत्पाद विभाग की टीम ने ऑटो सहित 20 कार्टून अंग्रेजी शराब बेचा



मैरवा(दैनिक उजाला) ।जिले में शराबबंदी को सफल बनाने के लिए सरकार तरह तरह की योजनाएं चला रही हैं. वही शराब पकड़ने के लिए कई उपकरण भी विभाग को उपलब्ध करा चुकी हैं. हालांकि इसके बावजूद भी शराब पर नकेल कस पाना विभाग के लिए बड़ी चुनौती बनी हुई हैं.हालांकि शराबबंदी नियमो का चेकपोस्टो पर तैनात पुकिसकर्मी धज्जियां उड़ा रहे है. चेक पोस्ट होने के बावजूद भी तस्कर यूपी से प्रतिदिन शराब लेकर जिले में पहुंच जा रहे हैं.वही मैरवा थाना क्षेत्र के स्याही चेकपोस्ट पर तैनात उत्पाद विभाग की टीम ने ऑटो सहित 20 पेटी अग्रेजी शराब को बेच दिया. मामला सोमवार की सुबह मैरवा रेलवे ढाला के समीप का है. मामले में ऑटो चालक छपरा जिले के नया गांव का निवासी चंदन कुमार ने आरोप लगाया है.चंदन ने बताया की यूपी के सिकटिया से टेम्पू में 20 पेटी अंग्रेजी शराब लेकर मैरवा के नौकाटोला गांव के रेलवे ढाला के समीप पहुंचे थे.तब तक आपची बाइक से स्याही चेकपोस्ट पर तैनात पुलिस जवान पकड़ लिया. वहाँ से आधा किलोमीटर की दूरी पर ले जाकर दो लाख रुपये की मांग करने लगा.जब दो तीन घंटे बीत गये और रुपये नही मिला तो ऑटो सहित शराब को बेच दिया और हमलोगों को छोड़कर फरार हो गया.इसकी शिकायत जब स्याही चेकपोस्ट के इंचार्ज से किया गया तो उन्होंने मामले की जांच की .जिसके बाद इसकी सूचना जिला उत्पाद कार्यालय को दिया.जहां उत्पाद विभाग के थानाध्यक्ष और कई दरोगा पहुंच कर चालक और चेकपोस्ट के पुलिस जवान से पूछताछ किया है. लेकिन आरोपित पुलिस जवान इस बात से इनकार करता रहा.बताया जाता है कि ऑटो चालक चंदन दूसरे का ऑटो लेकर शराब लेने आया था.जब चंदन के सामने ही ऑटो को बेच दी गयी तो इसकी बेचैनी बढ़ गयी.जिसके बाद इसकी शिकायत चेकपोस्ट इंचार्ज से किया.लेकिन जिला से लेकर इंचार्ज पुलिस कुछ नही कर पाया. इस संबंध में प्रभारी अधिक्षक सह इंस्पेक्टर गणेश चंद्रा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही हैं. दोषी पर कार्यवाई होगी.

# गरीब मेघावी छात्रों के बीच किया गया सामानों का वितरण

दरौंदा(दैनिक उजाला)। गुंजेश्वरी उच्च विद्यालय सह इण्टर कॉलेज रुकुंदीपुर दरौंदा में मंगलवार को युथ क्लब सह एम जे के शहीद अब्दुल हमीद ट्रस्ट के द्वारा संगोष्ठी का आयोजन किया गया. जिसमे गरीब मेधावी विद्यार्थियों को जैकेट, जूता सहित अन्य प्रकार के सामग्री का वितरण किया गया. यहां कार्यक्रम की शुरूआत महान समाज सेवी मदर टेरेसा के चित्र पर पुष्प अर्पित करने के साथ हुआ. विद्यालय की छात्राओं रजनी, अर्पिता द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे शिक्षक विपेंद्र कुमार ने कहा कि यह मदद नहीं बल्कि मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार है, जिससे वे अपने जीवन में और मेहनत कर पढ़ाई करें. मुख्य अतिथि डॉ कृष्ण मोहन प्रसाद ने कहा कि धरती पर गरीब कोई नही होता है, यह अलग बात है की




कुछ लोगो के पास जरूरत की वस्तुएं समय पर नहीं होती है. ऐसे विद्यार्थी को मदद होनी चाहिए. ट्रस्ट के संचालक आचार्य हाजी अब्दुल हमीद ने कहा कि मेधावी विद्यार्थियों को हर संभव सहायता करते हैं, उसी क्रम में आप के यहां आए हैं. शिक्षक राजेश राम ने कहा कि इस तरह के प्रोत्साहन से बच्चो का मनोबल बढ़ता है. कार्यक्रम में कॉलेज के प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार कुंवर, शिक्षक राकेश कुमार, संजय कुमार, नवीन कुमार यादव, रवि शंकर यादव, पंकज कुमार झा, कमलेश चौधरी, पिंका यादव, तारकेश्वर गुप्ता, योगेंद्र कुमार, नवीन कुमार, सुनीता देवी सहित सैकड़ों विद्यार्थी उपस्थित थे.

## जनरल स्टोर की दुकान में आग लगने से 2 लाख रुपये समेत लाखों की संपत्ति जलकर राख



बड़हरिया(दैनिक उजाला) ।थाना क्षेत्र के माधोपुर गांव में खुशी अहमद की जनरल स्टोर की दुकान में रविवार की रात शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। जिससे जनरल स्टोर में रखे करीब 2 लाख नगद सहित लाखों रुपए मूल्य के सामान जलकर राख हो गया। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही शकील अहमद, पूर्व मुखिया मिर्जा अली अख्तर पूर्व मुखिया इमाम इरतिजा, मुखिया शबील अहमद, शमीम अहमद, मिर्जा बख्तियार, पंकज पांडे,मोहम्मद राजा, उप मुखिया डॉक्टर मिर्जा सरफराज, अलीम अंसारी, साहब राजा अंसारी,रब्बानी, दिलशाद, रिंकू, मेराज, बेलाल, अनस, गुल्लू अंसारी गुल्लू अंसारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जुट गये और लाइन काटकर आग बुझाने का प्रयास करने लगे। इस दौरान दुकानदार खुशी अहमद आग की चपेट में आ गये जिससे जिससे उनके माथे पर चोट लग गया इस संबंध में खुशी अमन ने बताया कि शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने से 2 लाख नगद सहित साढ़े दस लाख रुपए की संपत्ति की क्षति पहुंची है ।वहीं घटना की सूचना पर थाना अध्यक्ष रूपेश कुमार वर्मा घटनास्थल पर पहुंचे और घटना का जायजा लिया। उन्होंने दुकान की फोटोग्राफी भी कराई। वहीं सीओ का निर्देश पर पहुंचे राजस्व कर्मचारी नसीर अहमद ने नुकसान का आकलन किया और दुकान की फोटोग्राफी की। उन्होंने बताया कि वह दुकान में हुई क्षति की रिपोर्ट सीओ को देंगे। इधर मुखिया सबील अहमद, पूर्व मुखिया मिर्जा अली, उप मुखिया डॉक्टर मिर्जा सरफराज आदि ने प्रशासन से पीड़ित दुकानदार को उचित मुआवजा देने की मांग की है।

# नाजीवाद और फांसीवाद के सिद्धांत पर चल रही है सूबे की सरकार :बिपिन कुशवाहा

जीरादेई(दैनिक उजाला) ।मंगलवार को जीरादेई मोड़ के समीप राजद का प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन राजद के प्रखंड अध्यक्ष छतीलाल गुप्ता के द्वारा किया गया गया। इस सम्मेलन में राजद के जिला अध्यक्ष बिपिन कुशवाहा, राजद उपाध्यक्ष हरेंद्र सिंह पटेल और राजद के जिला सचिव दीपक यादव सहित प्रखंड के सभी पंचायत के जिला अध्यक्ष ने इस सम्मेलन में भाग लिया और कार्यकताओं के साथ आगामी विधानसभा चुनाव के रणनीति को लेकर चर्चा किया गया। साथ ही बूथ स्तर पर पार्टी कैसे अपनी मजबूत स्थिति बनाए ओर बूथ स्तर पर ही विपक्षी पार्टी को कैसे चुनाव में पराजित किया जाए। इस रणनीत को लेकर राजद ने अपने कार्यकर्ता को मंत्र दिया वही सभा को संबोधन करते हुए राजद जिला अध्यक्ष बिपिन कुशवाहा ने कहा कि दिल्ली में बैठे मोदी और पटना में बैठे नीतीश कुमार हिटलर जैसा सता चला रहे है



जिसमें सिर्फ इन दोनों नेताओं कि भलाई है। इन दोनों के पास जनता के भलाई के लिए कोई विजन नहीं है। यह सरकार नाजीवाद ओर फांसीवाद का सिद्धांत को अपना रोल मॉडल बना रही है ।वहीं हरेंद्र सिंह पटेल ने कहा कि लालू यादव गरीबों के मसीहा है और शाहबुद्दीन साहब सीवान का विकास मॉडल है। इन दोनों के सिद्धांत को लेकर हमें सीवान में चुनाव लड़ना है और मुझे पूरा आशा और विश्वास है कि आगामी चुनाव में महागठबंधन सीवान में आठों कि आठों सीट जीतने जा रही है। वहीं दीपक यादव ने 11 अन्य पार्टी के सदस्यों को आज राजद का कार्यकर्ता सदस्य ज्वाइन करवाया और कहा कि पार्टी ही हमारी धर्म है ।वहीं मौके पर राजेश सिंह, राजेश गौड, उपेंद्र यादव, संजय यादव, रघुनाथ यादव, इलियास अहमद, देवेंद्र यादव, खुर्शीद आलम सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## खबरे एक नजर में

### स्टेशन स्थित बाइक स्टेण्ड संवेदक पर 84 हजार का जुमार्ना

मधुबनी (दैनिक उजाला)जयनगर मंडल रेल प्रबंधक ने बाइक स्टेण्ड संवेदक मां तारा इन्टरप्राइजेज को यात्रियों से बाइक के निर्धारण शुल्क से तीनगुना वसूली के विरुद्ध कारवाई करते हुये 84 हजार 370 रुपए जुमार्ना लगाया है। डीसीएम के पत्रांक सी 536 जयनगर डी डब्लू 22 के अनुसार इंटरप्राइजेज की संवेदक रेखा पुर्वे पर जयनगर बाइक स्टेण्ड पर यात्रियो से बाइक के निर्धारित शुल्क 10 रुपए की जगह 30 रुपए वसुली तथा विरोध करने पर यात्री के साथ बदसलुकी मामले में कारवाई किया है। इस मामले में स्टेशन अधीक्षक रमेश चंद्र दासकॉमर्सियल मनेजर के द्वारा यात्री के शिकायत पर जांच किया गया था। उक्त मामले में तीसरी बार इसीतरह के शिकायत के बावत जीएसटी समेत 84 हजार 370 रुपए जुमार्ना लगाते हुये शख्त चेतावनी दिया गया। डीसीएम ने स्टेण्ड संचालको को शख्त चेतावनी देते हुये कहा फिर गलती होने पर जुमार्ना की राशि बढ़ाने के साथ साथ नविदा को रद्द किया जाऐगा।

### मशरक में अलग अलग घटनाओं में मारपीट में 3 घायल

दैनिक उजाला/मशरक (सारण) ।मशरक के मदारपुर गांव में आपसी विवाद में मारपीट में दो लोग घायल हो गए। घायलों में एक पक्ष से जय नारायण ठाकुर का 32 वर्षीय पुत्र शैलेश ठाकुर एवं दूसरे पक्ष से मुकेश ठाकुर की 31 वर्षीय पत्नी बबीता देवी है। वही दूसरे मामले में मारपीट में अरना गांव के कामेश्वर साह की 36 वर्षीय पत्नी संगीता देवी घायल हो गई। सभी घायलों का ईलाज सीएचसी मशरक में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ एसके विद्यार्थी ने किया। वही दोनों मामले में थाना पुलिस को सूचना दिया गया। पुलिस मामले में जांच पड़ताल कर रही है।

### बाइक सवार युवक को अनियंत्रित अज्ञात वाहन ने कुचला,मौत

दैनिक उजाला/ मशरक (सारण)। मशरक थाना क्षेत्र के बंगरा गांव में सरकारी विद्यालय के पास अनियंत्रित अज्ञात तेज रफ्तार के वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेजने की प्रकिया शुरू कर दी। मृतक गोपालगंज जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के सोनवलिया गांव निवासी विरेन्द्र राय का 26 वर्षीय पुत्र नितेश कुमार उर्फ नितीश हैं। वहीं उसका ससुराल सारण जिले के इसुआपुर थाना क्षेत्र के सढ़वारा हकारपुर गांव में हैं। घटना स्थल पर प्रत्यदर्शियों ने बताया कि बाइक सवार को अनियंत्रित अज्ञात तेज रफ्तार के वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी जिसमें बाइक सवार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं बाइक सड़क पर ही क्षतिग्रस्त हो गया। मौके पर सूचना मिलने पर पहुंची थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेजने की प्रकिया शुरू कर दी। परिजनों ने बताया कि मृतक अपने परिवार का एकलौता कमाऊं सदस्य हैं वहीं उसको एक पुत्र हैं। मृतक फरीदाबाद में नौकड़ी करता है और घर में शादी समारोह में शामिल होने के लिए बीते सप्ताह गांव आया था।

### कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा दिखाएंगे निःशुल्क बस यात्रा को हरी झंडी

कैथल (कृष्ण प्रजापति): श्री खाटू श्याम सालासर सेवार्थ चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) द्वारा प्रतिमाह चलाई जा रही निःशुल्क बस यात्रा की 45वीं सेवा आगामी 21 दिसंबर को रवाना की जाएगी। इस बस यात्रा को मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री चौधरी रणबीर सिंह गंगवा हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।यह यात्रा श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम और मथुरा धाम के दर्शन करवाने के लिए आयोजित की गई है। बस दोपहर 2:15 बजे भाई उदय सिंह किला, कमेटी चौक से रवाना होगी। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष मुनीष कठवाड, पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक गुर्जर और पुंडरी विधायक सतपाल जांबा विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल होंगे। श्री खाटू श्याम सालासर सेवार्थ



चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रधान धर्मवीर केमिस्ट ने सभी श्याम प्रेमियों से इस पुनीत अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने की अपील की। यह निःशुल्क बस सेवा धार्मिक आस्था से जुड़ी श्रद्धालुओं के लिए एक बड़ी पहल है, जो लोगों को पवित्र धामों के दर्शन का सौभाग्य प्रदान कर रही है।

### बैट्री दुकान से अंग्रेजी शराब बरामद

दैनिक उजाला लहलादपुर (सारण)। जनता बाजार थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अपने थाना क्षेत्र के जनता बाजार स्थित कृष्णा बैट्री एजेंसी एंड इलेक्ट्रोनिक्स दुकान में छापामारी कर दूकान से टिन के दो बक्से में रखे 26 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद किया। जिसमें एक बक्से में 375 एमएल अंग्रेजी शराब से भरे 16 बोतल, जबकि दूसरे बक्से में 750 एमएल अंग्रेजी शराब से भरे 10 बोतल शामिल है। पुलिस ने शराब रखे दोनों बक्से के साथ दूकानदार छोटेलाल प्रसाद को भी थाने लायी। तत्पश्चात छोटेलाल प्रसाद के विरुद्ध मध निषेध की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत एफआईआर दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत भेज दिया।

### जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति (20 सूत्री) की बैठक आज

दैनिक उजाला छपरा (सारण)। मंत्री विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग सह प्रभारी मंत्री सारण जिला सुमित कुमार सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति (20 सूत्री) की बैठक आयोजित होगी। यह बैठक समाहरणालय सभागार में बुधवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे से आयोजित की गई है। बैठक में जिला के सभी जनप्रतिनिधिगण एवं संबंधित विभागों के पदाधिकारी शिरकत करेंगे तथा विगत बैठक के अनुपालन तथा आगे के लिये विकास से संबंधित कार्यों की रूपरेखा निर्धारित की जायेगी। इसकी जानकारी जिला जनसंपर्क पदाधिकारी के द्वारा एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी गई है।

# मशरक के सोनौली गांव में शाति समिति की बैठक आयोजित



दैनिक उजाला/मशरक /सारण (धर्मेन्द्र पाण्डेय)। मशरक के सोनौली गांव में पंचायत के मुखिया इम्तियाज खान उर्फ चुन्नू बाबू के आवासीय परिसर में गांव के सभी समुदायों के प्रबुद्ध वर्गों के लोगों की मौजूदगी में शाति समिति की बैठक आयोजित की गयी। शाति समिति की बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख रवि प्रकाश सिंह मंटू ने किया वहीं संचालन मुखिया इम्तियाज खान उर्फ चुन्नू बाबू ने किया। मौके पर महेश्वर सिंह,सरपंच रामबाबू सिंह, हरेश्वर सिंह,दीपक सिंह राजद प्रखंड अध्यक्ष वरूण यादव,जावेद अंसारी,राम प्रवेश राम,ललन खां, पूर्व प्रखंड प्रमुख जितेन्द्र राय, पूर्व बीडीसी रविन्द्र सिंह,भुटेली खां, वजीर खां, शहनवाज खां समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे। आपको बता दें कि बीते दिनों पहले गांव में धार्मिक स्थल का गेट तोड़ने की घटना पर डीआईजी, डीएम और एसपी समेत कई अधिकारी और पुलिस बल पहुंची थी। जिसमें एक की गिरफ्तारी भी हुई। प्रखंड प्रमुख रवि प्रकाश सिंह मंटू ने बताया कि गांव में आपसी प्रेम और सौहार्द को अवांछनीय तत्वों के द्वारा बिगाड़ने की कोशिश की गयी पर प्रबुद्ध वर्ग के लोगों की सक्रियता और पुलिस बल की मौजूदगी से कुछ नहीं हुआ। इसलिए हम सभी को मिलकर अफवाह की बातों पर ध्यान नहीं देना हैं। मुखिया इम्तियाज खान उर्फ चुन्नू बाबू ने कहा कि पंचायत के सभी समुदाय के लोग आपस में समन्वय बनाकर रहे। बदले की भावना से काम करने की जरूरत नहीं हैं। सरपंच रामबाबू सिंह ने कहा कि गांव के लोगों को अफवाहों पर ध्यान नहीं देना हैं और सभी आपसी भाईचारा को बनाए रखेंगे। यदि ऐसी कोई भी अफवाह फैलती है तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। बैठक में प्रखंड प्रमुख रवि प्रकाश सिंह मंटू ने थानाध्यक्ष मशरक से फोन पर बात की और बताया कि ग्रामीणों की मांग हैं कि घटना की जल्द से जल्द जांच पड़ताल करें और घटना में कोई निर्दोष फसे नहीं और कोई भी दोषी बचें नहीं। थानाध्यक्ष ने आश्वासन दिया कि आप सभी निश्चित रहें पुलिस अपना काम कर रही है।

## बायसी पुलिस ने 315 ग्राम स्मैक के साथ बाईक सहित दो व्यक्ति को गिरफ्तार



बायसी/पूर्णिया(दैनिक उजाला):- बायसी थाना क्षेत्र अंतर्गत चरैया चौक के समीप एन०एच०-31पर बायसी पुलिस के द्वरा वाहन चेकिंग के दौरान पश्चिम बंगाल से पूर्णियां की ओर जा रही एक लाल रंग की स्पेलण्डर मोटर साईकिल से 315 ग्राम स्मैक बायसी पुलिस को साथ लगी और साथ मे बाईक सहित दो व्यक्ति को गिरफ्तार कर थाना ले गया। गिरफ्तार दोनो व्यक्ति पश्चिम बंगाल के दालखोला के रहने वाला है, जिसकी पहचान विश्वजीत देवनाथ पिता शंकर देवनाथ साकीन दालकोला, वार्ड नंबर 9, थाना दालकोला तथा दुसरा शक्ति हलधर पिता हरिपदो हलधर दालकोला वार्ड नंङ्ग 10, थाना दालकोला के निवासी के रुप मे हुई हैं। दोनो स्मैक का खेप बंगाल से बिहार जा रहा था और वाहन चेकिंग के दौरान दोनो पुलिस के हत्थे चढ़ गए। वही मामले में बायसी थाना अध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया की 315 ग्राम स्मैक के साथ एक बाईक सहित दो व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया हैं।।

## पोखर के बंटवारे को लेकर बड़े भाई ने छोटे भाई पर किया हमला



मधुबनी (दैनिक उजाला)बेनीपट्टी थाना क्षेत्र के मनपौर पंचायत के दुगौर्ली गांव में पोखर को लेकर बड़े भाई ने अपने ही छोटे भाई और भतीजी को लाठी डंडो से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल व्यक्ति को इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए लिए मधुबनी सदर अस्पताल रेफर कर दिया।घायल व्यक्ति की पहचान राम कुमार राय और उनकी बेटी अनु कुमारी के रूप में हुई है। और बेटी का इलाज गांव में ही किया जा रहा है।घायल राम कुमार राय ने बताया कि हमारे पिता के नाम से पोखरा है। हम तीन भाई है लेकिन मेरा बड़ा भाई पोखरा को नही बाट कर उसपर अकेले दबंगई दिखा रहा है। उन्होने बताया कि जब हमारे भाई राम सागर यादव गांव के मल्लाह से मछली मरवा रहा था। हमने मल्लाह को मछली पकड़ने से मना करते हुए कहा कि इस पोखरे पर विवाद चल रहा है। इतना कहकर हम अपने घर वापस चले गए कुछ देर बाद मेरे भाई रामसागर यादव और उनके लड़के रंजित यादव और गौतम यादव लाठी डंडा से लैस होकर मेरे ऊपर हमला कर दिया। इस दौरान बचाने आई मेरी बेटी अनु कुमारी को भी मारपीट कर गंभीर कर दिया।उन्होने कहा कि इस विवाद को लेकर न्यायालय में मामला चल रहा है। नगर थाना की पुलिस ने बयान दर्ज किया है।

## चार वाहन कि टक्कर से दर्जनों लोग घायल



बायसी/पूर्णिया(दैनिक उजाला):- बिहार के पूर्णिया जिला और कटिहार जिला के बलरामपुर थाना के बॉर्डर एन एच 31 सड़क पर रात के करीब 12:00 बजे 4 गाड़ी एक साथ रोड एकसीडेंट हो गए अर्थात चार गाड़ी कि भीषण टक्कर हो गई। टक्कर से ट्रक और स्कॉर्पियो कि परखच्चे उड़ गए। बताया जा रहा है की पहला गिट्टी से लदा दो अलग अलग ट्रक कि टक्कर हो गई, फिर उसके पीछे से एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो जा कर टकरा गई। जिससे दर्जनों लोग बुरी तरह घायल हो गए। वही घायलों को स्थानीय लोगों द्वारा किसी निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती किया गया। ट्रक के चालक और खलासी दो पिता व पुत्र थे। दोनों को इलाज के बाद अपने घर भेज दिया, वही स्थानीय लोगों ने बताया कि पूर्णिया जिला से आए हुए डिटीयो या परिवहन विभाग के कोई अधिकारी आकर रोड में गाड़ी को जांच कर रहे थे उसी क्रम में आनन-फानन में ट्रक चालक भागने के क्रम में ही एक के बाद एक गाड़ी टकरा गई और एक स्कॉर्पियो में लगभग 7 से 8 लोग शादी के दावत से घर लौट रहे थे सभी लोग भी बुरी तरह से घायल हो गए। डिटीओ और परीवहन विभाग के लापरवाही को लेकर ग्रामीणों में काफी आक्रोश पनप रही है, बलरामपुर प्रखंड प्रमुख मिन्हाज आलम में बताया कि आए दिन यहा घटना हो रही है उसको लेकर बलरामपुर पुलिस को सतर्क रहने की जरूरत है।।

## भारतीय मजदूर संघ ने चलाया श्रमिक संपर्क अभियान, मजदूरों को किया जागरूक



कैथल (कृष्ण प्रजापति): भारतीय मजदूर संघ की जिला इकाई कैथल ने श्रमिक संपर्क अभियान के तहत रेहड़ी पटरी और ऑटो रिक्शा मजदूरों के साथ संपर्क साधा। यह अभियान 1 दिसंबर से 20 दिसंबर तक चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य श्रमिकों को उनके अधिकारों और सरकारी योजनाओं की जानकारी देना है।इस मौके पर भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि संगठन की स्थापना 23 जुलाई 1955 को माननीय दत्तोपंत ठेंगड़ी द्वारा की गई थी। यह विश्व का सबसे बड़ा श्रमिक संगठन है, जो मजदूरों के हितों के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। संघ दिहाड़ी मजदूर से लेकर अधिकारी स्तर के श्रमिकों की भलाई के लिए योजनाएं चला रहा है। जिला मंत्री सुरेंद्र जांगड़ा ने कहा कि आज भी कई मजदूर साथी जानकारी के अभाव में सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं उठा पाते हैं। हमारा उद्देश्य है कि हर मजदूर तक सामाजिक सुरक्षा पहुंचे और उन्हें किसी भी कठिनाई का सामना न करना पड़े। जिला अध्यक्ष ने राष्ट्र हित, उद्योग हित और कर्मचारी हित को प्राथमिकता देने पर जोर दिया और मजदूरों से भारतीय मजदूर संघ से जुड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि संगठन मजदूरों के अधिकारों के लिए हमेशा अग्रसर रहेगा। इस अभियान के दौरान जिला मंत्री सुरेंद्र जांगड़ा, हुकम चंद खानपुर, बलविंद्र, धर्मेंद्र, सोनू टीक समेत अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने श्रमिकों को संघ की नीतियों और कार्यक्रमों की जानकारी देकर उन्हें जागरूक किया। भारतीय मजदूर संघ के इस अभियान को मजदूरों का अच्छा समर्थन मिल रहा है, और संगठन उम्मीद करता है कि यह प्रयास श्रमिकों को उनके अधिकार दिलाने में महत्वपूर्ण साबित होगा।

## पुलिस से बचने को भाग रहीं मिनी ट्रक की चपेट में आने से महिला की मौत,दो घायल



दैनिक उजाला/मशरक (सारण) ।मशरक के चांद कुदरिया पंचायत के 37 आरडी नहर पर पुलिस गश्ती के द्वारा पीछा करने के दौरान भाग रहीं अनियंत्रित मिनी ट्रक की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत हो गई वहीं मृत महिला का 5 वर्षीय पुत्र और उसका रिश्तेदार गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक सिवान जिले के बसंतपुर थाना क्षेत्र के बभनौली गांव निवासी अमित कुमार राम की 25 वर्षीय पत्नी विपीन देवी और घायल उसका 5 वर्षीय पुत्र आर्यन कुमार एवं पानापुर थाना क्षेत्र के बिजौली गांव निवासी रूदल राम का 35 वर्षीय पुत्र रंजीत कुमार राम हैं। मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेजने की प्रकिया शुरू कर दी है। वहीं घायल रंजीत कुमार राम को सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया। घटना के बारे में बताया गया कि सिवान जिले के लकड़ी नवीगंज थाना की इमरजेंसी 112 की टीम लकड़ी लदी मिनी ट्रक का पीछा कर रही थी कि उसी दौरान मिनी ट्रक ने पुलिस पकड़ से भागने के दौरान सामने से आ रही बाइक सवार को टक्कर मार दी और वहीं मिनी ट्रक गढ़े में पलट गई। महिला अपने लड़के के साथ पानापुर के बिजौली गांव में भाई की शादी समारोह में आई थी और शादी समारोह में शामिल होने के बाद पड़ोस के ही युवक के साथ बाइक पर सवार होकर मशरक के चालीस आरडी नहर होकर गांव जा रही थी। कि दुर्घटना हो गई। पुलिस मौके पर पहुंच जांच-पड़ताल कर रहीं हैं।

## सड़क जाम करना और पुलिस बल से मारपीट और वाहन क्षतिग्रस्त करना पड़ा महंगा, 4 नामजद गिरफ्तार



दैनिक उजाला/मशरक/ सारण (धर्मेन्द्र पाण्डेय)। मशरक के लखनपुर गोलम्बर पर एन एच 227 ए राम जानकी पथ पर सड़क दुघर्टना के बाद अवांछनीय तत्वों के द्वारा सड़क जाम करना और पुलिस बल पर हमला करना और वाहन क्षतिग्रस्त करना महंगा पड़ा। मामले में थानाध्यक्ष अजय कुमार ने चार को गिरफ्तार करते हुए 50 अज्ञात उपद्रवियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई। गिरफ्तार सभी पानापुर थाना क्षेत्र के बिजौली गांव निवासी अरविंद कुमार, सुनील कुमार, रजनीश कुमार और संतोष बताएं गये। थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि विरोध जताने के लिए सड़क पर उतरना महंगा पड़ा सकता है। बात-बात पर सड़क जाम से होने वाली समस्याओं को लेकर पुलिस गंभीर हुई है। जाम, तोड़फोड़ और बवाल करने के हर मामले में सख्ती होगी। सड़क जाम करने वालों के खिलाफ केस दर्ज करके पुलिस कार्रवाई करेगी। थानाध्यक्ष के द्वारा बताया गया कि 37 आरडी नहर पर सड़क दुघर्टना में महिला की मौत के बाद पोस्टमार्टम में भेजने का विरोध करने और बाद में शव को पोस्टमार्टम में भेजने के बाद लखनपुर गोलम्बर पर सड़क जाम कर हंगामा करना शुरू कर दिया गया। वहीं इमरजेंसी 112 वाहन और तैनात अधिकारी मुकेश कुमार को कुछ लोगों ने घेर लिया और गाड़ी को क्षतिग्रस्त कर दिया,इसकी सूचना मिलते ही मौके पर अपर थानाध्यक्ष अशोक कुमार के नेतृत्व में पहुंची पुलिस बल उपद्रवियों को समझानें बुझाने लगें कि उसी दौरान पुलिस बल से अभद्र व्यवहार किया गया जिसमें पुलिस बल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 4 को गिरफ्तार कर लिया वहीं अन्य 50 वहां से फरार हो गए।

## नैना गांव में जिला पार्षद देवेंद्र शर्मा ने खोला विकास कार्यों का पिटारा



कैथल (कृष्ण प्रजापति): आज नैना गांव में कश्यप समाज द्वारा जिला पार्षद पुजारी देवेंद्र शर्मा का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर समाज के लोगों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर एक मांग-पत्र उन्हें सौंपा।जिला पार्षद देवेंद्र शर्मा ने कश्यप समाज को आश्वस्त किया कि उनकी चौपाल के पेंटिंग, मरम्मत और अन्य कार्यों के लिए लगभग 3 लाख रुपए की ग्रांट स्वीकृत की जाएगी। उन्होंने भूप्पा पट्टी की चौपाल में एक कमरा बनाने का भी वादा किया। इसके साथ ही, देवेंद्र शर्मा ने नैना गांव के खेल स्टेडियम में जहां बच्चे खेलते हैं, वहां लाइटिंग की व्यवस्था कराने और एक हॉल के निर्माण की जिम्मेदारी भी ली।उन्होंने गांव के सरकारी स्कूल में पेंटिंग का कार्य करवाने का भी आश्वासन दिया। जिला पार्षद देवेंद्र शर्मा पुजारी ने कहा कि कश्यप समाज के उत्थान और विकास के लिए कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे और जिला पार्षद का आभार जताया। कार्यक्रम के दौरान समाज के सरपंच प्रतिनिधि राजेन्द्र नैन व प्रमुख सदस्यों ने देवेंद्र शर्मा पुजारी के इस सहयोग और समर्थन की सराहना की। इस मौके पर पहलवान सन्नी, धर्मवीर, रत्न सिंह, सुल्तान सिंह, भाना फौजी, टेक चंद, पाला राम, आजाद नैन, सन्नी वालिया, राजपाल सैन, टिंकू कौशिक आदि उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान की हुई शुरूआत



देवघर/मधुपुर/दैनिक उजाला। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अभियान का शुभारंभ मंगलवार को अनुमंडलीय अस्पताल में स्थानीय मंत्री हफीजुल हसन के प्रतिनिधि शब्बीर हसन, प्रखंड प्रमुख पद्मिनी देवी और अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. मोहम्मद शाहिद ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इसके बाद मौके पर मौजूद बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई गई। मंत्री प्रतिनिधि शब्बीर हसन ने कहा, ़यह अभियान बच्चों, किशोर और किशोरियों को कृमि से मुक्त करने के लिए बेहद जरूरी है! दवा सभी स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों पर निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है।़ उन्होंने बताया कि गैर-पंजीकृत और स्कूल से वंचित बच्चों को भी नजदीकी आंगनबाड़ी केंद्र में यह दवा खिलाई जाएगी। प्रखंड प्रमुख पद्मिनी देवी ने बच्चों के स्वास्थ्य पर जोर देते हुए कहा, ़यह दवा बच्चों को एनीमिया और अन्य बीमारियों से बचाती है। ध्यान रखें, खाली पेट कभी यह दवा न दें! भोजन के बाद ही बच्चों को एल्बेंडाजोल खिलाएं।़ अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. मोहम्मद शाहिद ने अभियान में देरी की जानकारी देते हुए कहा, ़यह अभियान सितंबर में ही शुरू होना था, लेकिन तकनीकी कारणों से इसे 17 दिसंबर को लागू किया गया।़ उन्होंने आगे बताया कि, अगर कोई बच्चा 17 दिसंबर को यह दवा नहीं खा पाता है, तो मोप-अप दिवस पर 23 दिसंबर को इसे जरूर खिलाएं। दवा की सही खुराक के संबंध में डॉ. शाहिद ने बताया: 1-2 वर्ष के बच्चों को आधी गोली। 2-3 वर्ष के बच्चों को पूरी गोली पानी में घोलकर दी जाए। 3-19 वर्ष के बच्चों को पूरी गोली चबाकर खाना है। उन्होंने यह भी हिदायत दी कि, ़बीमार बच्चों को यह दवा न खिलाएं! शिक्षक और आंगनबाड़ी सेविकाएं बच्चों को सही तरह से चबाकर दवा खाने के लिए प्रेरित करें। साथ ही पीने का साफ पानी बच्चों को उपलब्ध कराएं।़ स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए विशेष टीम का गठन किया गया है ताकि किसी भी प्रतिकूल प्रभाव की स्थिति में त्वरित उपचार किया जा सके। डॉ. शाहिद ने कहा, ़कभी-कभी मामूली दुष्प्रभाव होते हैं, लेकिन घबराने की जरूरत नहीं है। किसी भी आपात स्थिति में 108 नंबर पर कॉल कर एंबुलेंस की मदद ली जा सकती है।़कार्यक्रम में उपस्थित सभी चिकित्सा पदाधिकारी, स्वास्थ्य कर्मियों और शिक्षकों ने मिलकर अभियान को सफल बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान ने एक बार फिर बच्चों के स्वस्थ भविष्य की नींव रखने का महत्वपूर्ण संदेश दिया।

## आरटीपीएस काउंटर का सीओ ने किया निरीक्षण ,दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



दैनिक उजाला/मशरक (सारण)।(धर्मेन्द्र पाण्डेय)। मशरक अंचल कार्यालय परिसर स्थित आरटीपीएस काउंटर का सीओ सुमंत कुमार ने औचक निरीक्षण किया।इस दौरान संबंधित पदाधिकारी व कर्मियों को कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिया। वहीं सेवा का अधिकार कानून के तहत लोगों को मिलने वाली ससमय सुविधा में लापरवाही देख इन्होंने संबंधित कर्मी को इसमें सुधार लाने के सख्त हिदायत दी। इस दौरान उन्होंने जाति, आवासीय, आय प्रमाण पत्र, राशनकार्ड समेत अन्य आवश्यक सेवाओं की पड़ताल कर लोगों को इसे ससमय उपलब्ध कराने के निर्देश दिया साथ ही निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्य कर रहे कर्मियों को सुधार को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आरटीपीएस कार्यालय में जांच कर रहे सीओ से जानकारी लेने पर बताया गया कि आरटीपीएस कार्यालय में होने वाले सभी कार्य सही तरीके से और ससमय पूरा किया जाए। साथ ही आरटीपीएस कार्यालय के अंदर किसी भी बाहरी व्यक्ति का प्रवेश बिल्कुल ना हो जिस पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने आरटीपीएस काउंटर पर तैनात कर्मियों को बेहतर कार्य के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## खबरे एक नजर में

### पुलिस ने शराब के साथ तस्कर को किया गिरफ्तार

दैनिक उजाला/मांझांगढ़/गोपालगंज। आरक्षी अधीक्षक अवधेश दीक्षित के निर्देश पर शराब के विरुद्ध चलाये जा अभियान एव शराब बंदी को सफल बनाने किये जा रहे प्रयास के तहत मांझागढ़ पुलिस ने गुप्त सूचना पर मांझांगढ़ थाना क्षेत्र विश्वंभरपुर गाव के शराब कारोबारी गठू पासी के पुत्र धर्मनाथ पासी के घर छापेमारी कर 181 लीट देशी शराब तथा शराब बनाने के प्रयोग मे लाये जाने वाले सामग्री चार गैस सलेन्द्र चार चार चूल्हा को बरामद करने के साथ शराब कारोबारी को हिरासत मे लेते हुए उत्पाद अधिनियम के तहत एफ आई आर दर्ज कर मंगलवार को जेल भेज दिया। इसकी जानकारी थाना प्रभारी संग्राम सिंह ने दिया।

### पुनौरा थाना पुलिस ने कोर्ट वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

दैनिक उजाला/निज प्रतिनिधी (नवीन कुमार) डुमराः पुनौरा थाने की पुलिस ने सोमवार की देर रात थाना क्षेत्र के कचबचीपुर गांव में छापेमारी कर कोर्ट से निर्गत वारंट मामले मे फरार चल रहे एक वारंटी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान पुनौरा थाना क्षेत्र के कचबचीपुर गांव निवासी राज किशोर दास के रूप में हुई है। पुनौरा थानाध्यक्ष आलोक कुमार यादव ने बताया कि इस व्यक्ति के उपर कोर्ट द्वारा वारंट निर्गत किया गया था। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपी घर पर आ कर रह रहा है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया है । गिरफ्तार व्यक्ति को मंगलवार की रोज न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### जिला अनुमण्डल, प्रखण्ड व पंचायत स्तर पर लगेगा विशेष कैम्प

दैनिक उजाला/डुमरा(नवीन कुमार) ।केंद्र सरकार 19 से 24 दिसंबर तक चलने वाले सुशासन सप्ताह के दौरान जनता की शिकायतों के निवारण और सेवा वितरण में सुधार के लिए राष्ट्रव्यापी अभियान ₹प्रशासन गांव की ओर₹ शुरू कर रही है।19 दिसंबर से 24 दिसंबर 2024 तक जिला, अनुमंडल, प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर विशेष कैंप का आयोजन किया जाएगा जिसमें आमझ आवाम के शिकायतों का निवारण ऑन द स्पॉट किया जाएगा। इस संबंध में सीतामढ़ी जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक तैयारियां की जा रही है। 19 दिसंबर से 24 दिसंबर तक पूरे सप्ताह जिला स्तर से लेकर प्रखंड और पंचायत स्तर तक आम लोगों के शिकायतों का निवारण कैंप मोड में होगा।23 दिसंबर को स्थानीय परिचर्चा भवन में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन भी होगा। इन प्रयासों का उद्देश्य पारदर्शता, जवाबदेही और नागरिक संतुष्टि को बढ़ाना है, और इसके परिणाम स्वरूप, लोगों के लिए अधिक उत्तरदायी, प्रभावी और कुशल शासन प्रणाली को बढ़ावा देना है।

### गुठनीः नगर पंचायत की बैठक 09 बिंदुओं पर लाया गया प्रस्ताव

गुठनी(दैनिक उजाला). नगर पंचायत के सभागार में मंगलवार की दोपहर बैठक आयोजित की गई. जिसकी अध्यक्षता मुख्य पार्षद राजेश कुमार गुप्ता ने किया. बैठक की शुरूआत होने के बाद मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी रवि शंकर प्रसाद द्वारा पार्षदों से प्रस्ताव पर चर्चा की गई. बैठक में 09 बिंदुओं पर चर्चा हुई. जिसमें नगर पंचायत में किए गए विकास के कामों का बोर्ड लगाकर उसका उद्घाटन करना. वहीं पूरे नगर पंचायत हाउस होल्ड का सर्वे और ट्रेड लाइसेंस के लिए सर्वे कराने को लेकर भी चर्चा हुई. बैठक में बाजार और बंदोबस्ती की जल्द शरूआत करने पर भी चर्चा हुई. वहीं पार्षदों और अध्यक्ष द्वारा कचरा डंप के जमीन उपलब्ध कराने पर जोर दिया. बैठक में मुख्यताः नगर पंचायत में गैरमजरूआ और मालिक गैर मजरूआ जमीन की मापी करा कर उसका सीमांकन करने, सार्वजनिक स्थानों पर हाई मास्क लाइट लगाने, स्वच्छता अभियान के तहत वाल पेंटिंग कराने, कचड़ा निस्तारण हेतु जमीन उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया. चेयरमैन, उप चेयरमैन और वार्ड पार्षदों ने नगर पंचायत में बस स्टैंड और यात्री पड़ाव पर भी गहनता से चर्चा किया और कहा कि इसके न रहने से आए दिन मुख्य सड़क पर जाम की स्थिति लगी रहती है. वही बैठक में नगर पंचायत में सुलभ शौचालय के मुद्दे पर भी वार्ड पार्षदों ने मुख्य पार्षद और उप मुख्य पार्षद को अवगत कराया और कहा कि मुख्य बाजार में सुलभ शौचालय न होने से आम लोगों के साथ-साथ दुकानदारों को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है. सबसे अधिक परेशानी महिलाओं और युवतियों को होती है. जिस पर कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा उन्हें आश्वासन दिया गया और बताया गया कि आने वाले दिनों में इसका प्रस्ताव भेजा जाएगा. बैठक में मुख्य पार्षद राजेश कुमार गुप्ता, उप मुख्य पार्षद पूनम देवी सहित कई मौजुद थे.

### झंडापुर थाना में मीणा देवी ने आवेदन देकर न्याय की लगाई गुहार

श्याम सक्सेना (दैनिक उजाला) नवगछिया/बिहपुरः मंगलवार को प्रखंड के झंडापुर थाना में मीणा देवी पति स्व. सुरेन्द्र मिश्र मड़वा गांव निवासी ने मारपीट को लेकर झंडापुर थाना में आवेदन दिया। मीणा देवी ने आवेदन में कहा है कि मेरी जमीन जिसका खाता संख्या 1488 खसरा संख्या 19 20 मौजा-मड़वा, थाना नं-57 है। उक्त जमीन के अगले सिरे पर मेरा बाँस का बिट्टा है। कल दिनांक 16-12-24 को सुबह में मेरे पुत्र संतोष मिश्र, मेरे भतीजे अशोक मिश्र एवं मेरा चचेरा पोता टुभो मिश्र एवं शिकारी मिश्र जब मेरे बॉसबिटे में बाँस काटने लगे तभी एका एक सुभाष मिश्र पिता- स्व० फेकन मिश्र हाथ में गड़ासा ,कुमोद मिश्र पिता स्व. फेकन मिश्र हाथ में लाठी , विनोद मिश्रा पिता- फेकन मिश्र हाथ में कुल्हाड़ी आढरी कुमार मिश्र पिता- अमरनाथ मिश्र हाथ में कट्टा, टिंकू मिश्र पिना-विनोह मिश्र हाथ में लोहे की सरिया, रमण मिश्र एवं कुणाल मिश्र पिता तुमीक मिश्र दोनों के हाथ में दबिया होकर उक्त सातों व्यक्ति ने मिलकर एकाएक मेरे पुत्र, पोते को गाली- गलौज करते हुए मारने के लिए दौड़े। मैंने शोर मचाने का प्रभास किया तो सुभाष मिश्र ने मेरा बाल पकड़कर जमीन पर पटक दिया और मेरे गले से दो भर के सोने की चेन खींच कर ले लिया। मेरे पुत्र संतोष मिश्र जब मुझे बचाने आए तब आदर्श मिश्र ने उसपर कट्टा तान दिया और कुणाल मिश्र, रमण मिश्र, बिनोद मिश्र, ड्ट कुमोद मिश्र एवं टिंकू मिश्र ने मेरे बेटे को पकड़कर उसकी कमीज फाड़कर जमीन पर पटक दिया। उसकी जेब से 15000 रु भी निकाल लिया। मैंने शोर मचाया। तबतक उक्त सभी व्यक्ति भाग गए। और घर से गाली गलौज करने लगे। आवेदन देकर मीना देवी ने न्याय की गुहार लगाई ।थानाध्यक्ष विश्वबंधु कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# कटिहार की महापौर उषा देवी अग्रवाल ने स्थानीय लोगों की समस्यायों से हुई अवगत

कटिहार/तौकीर रजा (दैनिक उजाला) कटिहार नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नंबर 2 एवं वार्ड नंबर 04 स्थित तेजाटोला, इंद्रपुरी, बंगाली कॉलोनी एवं अन्य मुहल्ले का महापौर उषा देवी अग्रवाल ने दौरा कर वहां नगर निगम द्वारा बनाए जा रहे सड़क एवं नाला निर्माण कार्य का निरीक्षण कर स्थानीय लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं से अवगत हुई, और सभी समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान महापौर ने क्षेत्र में विकास कार्यों की प्रगति को ओर तेज करने एवं आवश्यक सुधारों के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दी। इस दौरान महापौर उषा देवी अग्रवाल ने पत्रकारों को बताया कि इस इलाके में बरसों से कई सारी कच्ची सड़कें थी जिससे लोगों को आवागमन में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता था और यह इलाका



भी काफी निचले इलाका होने के कारण इस पर कार्य नहीं हो पा रहा था पर अब मैं लगातार इस इलाके के लोगों से संपर्क कर बहुत सी कच्ची सड़कों का निर्माण एवं ढक्कन सहित नाला बनाया जा रहा है जिससे इस इलाके के लोगों की सड़कों की समस्याओं को दूर किया जा सके और आवागमन में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े लगातार इस इलाके के लोगों भी मेरे कार्यालय में आकर मुझसे मिलकर बहुत सारी सड़कों को चिन्हित कर मुझे बताया है जल्द ही नगर निगम द्वारा और भी बहुत सी सड़क हैं जो टेंडर की प्रक्रिया में है जल्द ही इस इलाके में और भी सड़क को बनाया जाएगा। इस दौरान महापौर के साथ निगम पार्षद मोहम्मद सगीर, नगर निगम के कन्या अभियंता विश्वजीत कुमार, गोपाल दा, अनुपम सिंह, भोला साह एवं अन्य सामाजिक लोग मौजूद रहे।

# नानपुर में एक निजी विद्यालय से भारोत्तोलन खिलाड़ियों का चयन




ब्यूरो चीफ, (दैनिक उजाला) सीतामढ़ीः जिला भारोत्तोलन संघ के द्वारा नानपुर प्रखंड के इंड्स वेली स्कूल मे भारोत्तोलन खिलाड़ियों का चयन किया गया ' चयनित खिलाड़ियों को जिला भारोत्तोलन संघ द्वारा ट्रेनिंग दिया जायेगा। और वे सभी राज्य एवम राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता मे भाग लेंगे ' सीतामढ़ी जिला भारोत्तोलन संघ के सचिव सतीश कुमार ने बताया की इंड्स वेली स्कूल मे खिलाड़ियों के लिए बेहतरीन अवसर है। और खिलाड़ियों मे पदक जितने की क्षमता है । स्कूल के निदेशक विवेक जायसवाल ने भी खिलाड़ियों और सीतामढ़ी जिला भारोत्तोलन संघ के प्रति आभार जताया है और संघ को हर संभव मदद करने को तैयार है '

## बियाडा के विरुद्ध किसानों का प्रदर्शन



दैनिक उजाला/हथुआ। मीरगंज शहर स्थित बंद हथुआ चीनी मिल के समीप बियाडा की भूमि पर चहारदीवारी निर्माण से आक्रोशित किसानों ने मंगलवार को प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन में हथुआ प्रखंड के जिगना राजघाट तथा बदरजीमी के किसान शामिल थे। बताया जाता है कि मंगलवार की दोपहर किसान ने दर्जनों की संख्या निर्माण कार्य स्थल पर पहुंच गए और विरोध प्रदर्शन करने लगे। किसानों का कहना था कि जिस जमीन पर बियाडा चाहरदीवारी का निर्माण करा रहा है वह जमीन किसानों की जमीन है। यह पुस्तैनी जमीन वर्षों से किसानों की है। इस प्रकार किसी प्रकार का निर्माण नहीं होने दिया जाएगा। इधर,प्रदर्शन की सूचना पाकर हथुआ एसडीओ अभिषेक कुमार चंदन,एसडीपीओ आनंद मोहन गुप्ता, मीरगंज थानाध्यक्ष किशोरी चौधरी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच कर किसानों को समझाया और प्रदर्शन शांत कराया। एसडीओ ने यह आश्वासन दिया कि किसानों का एक शिष्ट मंडल डीएम से मिलकर अपनी बातों को रखेंगे।इस आश्वासन के बाद किसान शांत हुए और वापस लौट गए।

## जिला नियोजन द्वारा जॉब कैंम्प का किया गया आयोजन



दैनिक उजाला/गोपालगंज। बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी योजना श्रम संसाधन विभाग द्वारा युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के निमित्त नियमित अन्तराल पर जिला पदाधिकारी,गोपालगंज प्रशांत कुमार सी एच के निदेर्शानुसार जिले में जिला नियोजन कार्यालय द्वारा जॉब कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। क्रम में बिहार सरकार, श्रम संसाधन विभाग के तत्वाधान में जिला नियोजनालय, गोपालगंज के द्वारा जिला नियोजनालय गोपालगंज में एक दिवसीय जॉब कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें फ्यूजन माइक्रोफाइनेंस लिमिटेड गोपालगंज द्वारा विभिन्न पदों के लिए आवेदकों को साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया गया था। कैम्प में कुल फुटफॉल 42 रहा। कुल 42 आवेदकों द्वारा इस कैम्प में साक्षात्कार दिए गए। इस दौरान आठ अभ्यर्थियों का अंतिम रूप से चयन किया गया। इसमें नियोक्ता फ्यूजन माइक्रोफायनेंस लिमिटेड, गोपालगंज के एचआर मैनेजर श्री विभास रंजन पांडेय के द्वारा विभिन्न पदों के लिए आवेदकों से इंटरव्यू लिया गया ' जिसमें से कुल आठ अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इस अवसर पर जिला नियोजन पदाधिकारी सुश्री पिंकी भारती के अलावा कंम्पनी के एचआर मैनेजर विभास रंजन पांडेय, श्री धनजीत कुमार लिपिक, श्री आलोक कुमार त्रिपाठी डीएसई, रणधीर कुमार गुप्ता, डीएसएम जयप्रकाश सिंह आदि कर्मी मौजूद रहे।

## गुठनीः यात्रियों से भरा ऑटो पलटने से आधा दर्जन लोग घायल



गुठनी(दैनिक उजाला). थाना क्षेत्र के जतौर बाजार के समीप मंगलवार की दोपहर अनियंत्रित होकर ऑटो के पलट जाने से दो महिला व दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये. घटना की सूचना मिलने के बाद आसपास के दर्जनों लोग मौके पर पहुंच गए. उन्होंने ऑटो से सभी घायलों को बाहर निकाला.और निजी वाहनों से उन्हें प्राथमिक स्वास्थ केंद्र पहुंचाया. जहां तैनात डॉक्टरों ने उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल युवकों में गुठनी बाजार निवासी इकबाल आलम का पुत्र बंटी कुमार (18 वर्ष) तथा दूसरा बलुआ गांव निवासी घनश्याम विश्वकर्मा का पुत्र अभय कुमार (28 वर्ष) है. गुठनी सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में प्राथमिक ईलाज के बाद दोनों युवकों को गंभीर हालत में सदर अस्पताल रेफर कर दिया. तथा आंशिक रूप से घायल महिलाये अपने परिजनों संग निजी अस्पताल में चली गयी. थानाध्यक्ष विकास कुमार सिंह का कहना है की सूचना मिलने के बाद मौके पर जाकर मामले की छानबीन की जा रही है. पुलिस का कहना है की ऑटो किन वजहों से पलटी है. इस मामले की जांच की जा रही है वही लोगों की माने तो ऑटो की रफ्तार तेज होने के कारण अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पलट गया.

# सांसद प्रतिनिधियों ने पीड़ित परिवारों से की मुलाकात, दी सांत्वना

पूर्णियां/तौकीर रजा (दैनिक उजाला) पूर्णिया नगर निगम के वार्ड संख्या 33 स्थित चिमनी बाजार जोका जलमरय निवासी मो. जाकिर, मो. मोजीबुर और मो. सुल्तान तीनों परिवारों पर सोमवार की बीती रात सड़क दुर्घटना ने दुखों का पहाड़ तोड़ दिया। कटिहार-पूर्णिया सड़क मार्ग पर हुए इस भीषण हादसे में तीन युवक की मौत हो गई ।तीनों परिवार होनहार पुत्रों की असमय मृत्यु हो गई। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव के प्रतिनिधि राजेश यादव के नेतृत्व में एक टीम पीड़ित परिवारों के घर पहुंची। प्रतिनिधियों ने तीनों मृतक के परिजनों से मुलाकात कर दुख व्यक्त किया, राजेश यादव ने कटिहार के सदर एसडीओ आलोक कुमार से बात कर जल्द से जल्द सरकारी मुआवजा दो दिनों के भीतर देने की बात कही, और



परिवारजनों को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। सांसद प्रतिनिधियों ने कहा कि इस हृदयविदारक दुर्घटना से पूरा क्षेत्र शोक में डूबा है। बच्चों की असमय मौत से परिवार ही नहीं, समाज को भी अपूरणीय क्षति हुई है। साथ ही, उन्होंने प्रशासन से सड़क सुरक्षा को लेकर ठोस कदम उठाने की अपील की ताकि ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि के साथ कई स्थानीय लोग और सामाजिक कार्यकर्ता भी मौजूद रहे, जिन्होंने दुख की इस घड़ी में परिवारजनों को सांत्वना दी।, राहुल सिंह, मो अतहर, मो शमीम अख्तर, बबलू, मो महबुब,लल्लू पासवान मौजूद रहे।

## चोरी की बाइक के साथ एक युवक गिरफ्तार

दैनिक उजाला लहलादपुर (सारण)। जनता बाजार थाना की पुलिस ने रात्रि अपने गश्ती के दौरान ताजपुर बिहारी मोड़ से गुजरने वाले एक मोटरसाइकिल चोर को गिरफ्तार किया। ताजपुर बिहारी मोड़ पर खड़े गशतीदल पुलिस को एकमा की ओर से आता हुआ एक मोटरसाइकिल सवार दिखाई दिया।पुलिस ने मोटरसाईकिल सवार को रोकना चाहा। मगर पुलिस को देखकर वह अपनी मोटरसाईकिल मुड़ाकर भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस ने अपने दल-बल के साथ उसे पकड़ लिया। पकड़ा गया व्यक्ति स्थानीय थाना क्षेत्र के बगौछिया गांव निवासी श्रवण कुमार बताया जाता है। श्रवण कुमार के मोटरसायकील के इंजिन तथा चेचिस पर अंकित नंबर के साथ छेड़-छाड़ किया हुआ पाया गया तथा मोटरसाइकिल से संबंधित किसी भी प्रश्न के उत्तर श्रवण कुमार ने संतोषप्रद नहीं दिया। तत्पश्चात पुलिस टीम द्वारा मोटरसायकील के साथ उस युवक को थाना लाया गया।पुलिस इस मामले में छानबीन कर रही है।

## जनता बाजार थाना परिसर में गुंडा परेड का हुआ आयोजन



दैनिक उजाला लहलादपुर (सारण)। सारण पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार जनता बाजार थाना परिसर में एक गुंडा परेड का आयोजन हुआ। जिसमें जमानत पर जेल से रिहा हुए शराब व्यवसायी तथा अपराधिक चरित्र के 72 लोग शामिल हुए। जिन्हें थानाध्यक्ष टुनटुन कुमार ने समझाते हुए अच्छे कार्यों को करने तथा अच्छे ढंग से जीवन व्यतीत करने का मार्गदर्शन कराया। उन्होंने अपने थाना क्षेत्र को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाये रखने पर बल दिया।

# सोनबरसा पटेल नगर में राम नाम संकीर्तन एवम भंडारा का आयोजन, पूर्व सरपंच हरिश्चन्द्र पटेल ने साधु संत को किया सम्मानित

ब्यूरो चीफ, डॉ. अभिषेक प्रियरंजन, (दैनिक उजाला) सीतामढ़ीः सोनबरसा प्रखंड मुख्यालय स्थित पटेल नगर वार्ड नंबर 8 निवासी गणेश साह के आवास पर 20 नवम्बर से बाबा राम बालक दास जी महाराज उर्फ रामायणी के द्वारा राम नाम जाप , संकीर्तन भजन व भंडारा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों गांवों के 300 सौ साधु संत महात्मा व राम नाम जापक संकीर्तन प्रेमी शाम 6 से 10 बजे रात्रि तक आकर भजन कीर्तन करते हैं। और महाप्रसाद पाने के बाद सभी को विदाई दिया जाता है।मालुम हो कि स्वर्गीय खेनारी साह व महेश्वरी देवी के पुत्र बाबा राम बालक दास जी महाराज उर्फ रामायणी जी 1989 से ही घर छोड़कर मध्यप्रदेश इंदौर चले गए और वहीं अपना डेरा डालकर मंहथी इंदौर मठ में शुरू किए। उनको 2001 में 1008 महामंडलेश्वर विरक्त मंडल का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। बाबा राम बालक दास जी महाराज को पांच पुत्र एक पुत्री है। सभी को छोड़कर वैराग्य धारण कर राम नाम संकीर्तन के प्रचार-



प्रसार में लग गए। उन्होंने 17 वर्षो से अपने निवास स्थान पर सभी पुत्रों के सहयोग से लाखों रुपए हर वर्ष खर्च कर परमार्थ में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि कल 2500 साधु संत और राम नाम जापक भाईयों को एक एक कबंल और विदाई स्वरुप प्रत्येक व्यक्ति को 20 रुपए से लेकर 500 रुपए तक दिया जाएगा। और महा प्रसाद में शामिल होंगे ।स्थानीय पंचायत के सरपंच समुद्री देवी के प्रतिनिधी सह पूर्व सरपंच हरिश्चंद्र पटेल के द्वारा बाबा राम बालक दास जी महाराज उर्फ रामायणी बाबा को अंग वस्त्र और चादर माला से स्वागत किया गया ।उन्होंने कहा कि मेरे ग्राम में ऐसा कोई साधु नहीं हुआ जो एक माह से 300 लोगों का महा प्रसाद और विदाई का व्यवस्था किए हुए हैं ।पुरा मुहल्ला भक्तिमय रहता है। मौके पर व्यवस्थापक गणेश साह , दिनेश साह, मनोज साह संत बाबा राम दिनेश दास ,व्यास राम लक्ष्मण सिंह, सुरेन्द्र दास,मगन दास,राम भुषण दास नेपाल से आएं मंहथ बनारसी बाबा,सीयाराम दास , दिनेश दास,भजन दास उपेन्द्र दास सहित बड़ी संख्या में साधु-संतों सहित समाज के प्रबुद्ध एवम गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# विकाश झा उर्फ.कालिया गैंग का शार्प शूटर टॉप 10 कुख्यात विजय झा आर्म्स सहित गिरफ्तार

दैनिक उजाला/ प्रतिनिधी (नवीन कुमार) डुमरा : जिला पुलिस ने एक बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए कुख्यात कालिया गैंग के शार्प शूटर विजय झा को गिरफ्तार कर लिया है। यह गिरफ्तारी एसपी मनोज कुमार तिवारी की विशेष टीम के द्वारा की गई। बताया जा रहा है कि विजय झा शिवहर रोड के पास संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त था और डुमरा क्षेत्र में किसी बड़ी आपराधिक वारदात को अंजाम देने के लिए पहुंचा था। पुलिस को लंबे समय से उसकी तलाश थी, क्योंकि वह जिले के टॉप-10 अपराधियों की सूची में शामिल था। विशेष जानकारी के अनुसार, एसपी मनोज कुमार तिवारी के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम ने शिवहर रोड पर गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की। पुलिस को भनक लगी थी कि विजय झा किसी संगीन अपराध की योजना बना रहा है। टीम ने इलाके की घेराबंदी कर विजय झा को मौके से



धर-दबोचा। विजय झा कालिया गैंग का कुख्यात सदस्य बताया जा रहा है, जिसका नाम तिहाड़ जेल में बंद गैंग लीडर कालिया से जुड़ा है। विजय झा शार्प शूटर के रूप में इस गैंग के लिए काम करता था और पहले भी कई आपराधिक वारदातों में शामिल रहा है। उसकी गतिविधियों के चलते जिला पुलिस लंबे समय से उसके पीछे थी। पुलिस के अनुसार, विजय झा पर पहले से ही हत्या, लूट और रंगदारी जैसे संगीन मामले दर्ज हैं। वह अपराध की दुनिया में एक खतरनाक चेहरा बन चुका था, जो जिले में अपराधियों की सूची में टॉप 10 में शामिल था। एसपी मनोज कुमार तिवारी ने बताया, विजय झा की गिरफ्तारी से जिले में अपराध पर लगाम लगेगी। वह लंबे समय से पुलिस के रडार पर था और बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में था। उसकी गिरफ्तारी पुलिस की एक बड़ी उपलब्धि है। विजय झा की गिरफ्तारी के बाद जिला पुलिस ने दावा किया है कि यह कार्रवाई जिले में बढ़ते अपराधों पर नकेल कसने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। पुलिस लगातार अपराधियों के खिलाफ विशेष अभियान चला रही है, जिससे सीतामढ़ी और शिवहर जिले में कानून व्यवस्था मजबूत की जा सके।

## खबरे एक नजर में

### 2 किलो गांजा के साथ दो गिरफ्तार

दैनिक उजाला/ मोतिहारी/ सुगौली सुगौली रेलवे पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान 2 किलो गांजा के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार व्यक्ति से पूछताछ के के दौरान एक और व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया। जीआरपीके डीएसपी उमेश कुमार ने बताया प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि चेकिंग अभियान के दौरान एक युवक के बैग में 2 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति पश्चिमी चंपारण जिला के मझौलिया थाना अंतर्गत बखरिया सोनार टोला निवासी रौनक मिश्रा से पूछताछ की गई। तो उसने बताया कि वह गांजा मौझावलिया थाना क्षेत्र के गुदारा गांव निवासी जमदार यादव से खरीद कर दिल्ली ले जाने वाला था। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक मुजफ्फरपुर को दी गई। पुलिस अधीक्षक मुजफ्फरपुर के निर्देश पर एक टीम का गठन किया गया।टीम के द्वारा छापामारी का गुदारा निवासी जामदार यादव को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। रौनक मिश्रा ने बताया है कि वह सब क्रांति एक्सप्रेस से दिल्ली में जाकर इसकी सप्लाई करने वाला था। छापामारी टीम में सुगौली जीआरपी थाना अध्यक्ष शरद कुमार रजक, संजय कुमार, राजा प्रभात कुमार ,आशीष तिवारी आदि लोग शामिल थे।

### 24 वा जिला सम्मेलन का हुआ संपन्न

दैनिक उजाला/ मोतिहारी/ सुगौली भारत की कम्युनिस्ट पार्टी ( मार्क्सवादी ) का दो दिवसीय 24वां जिला सम्मेलन कामरेड अरविंद कुमार नगर सुगौली में संपन्न हुआ। 16 दिसंबर से ही पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत यह सम्मेलन शुरू हुआ। सम्मेलन के दौरान सर्वप्रथम खुला अधिवेशन को पूर्व विधायक कामरेड रामाश्रय सिंह के द्वारा झंडतोलन, शाहिद बेदी पर पुष्पर्पण के साथ प्रतिनिधि सत्र का शरूआत कामरेड अशोक पाठक वजूल हक एवं निर्मल चांदनी के अध्यक्ष मंडल के द्वारा किया गया। जिसमें शोक प्रस्ताव ध्रुव त्रिवेदी ने अशोक प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।स्वागत समिति के मंत्री धनंजय पुरी के द्वारा स्वागत भाषण दिया किया गया। सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कामरेड ललन चौधरी ने पार्टी संगठन एवं राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्थिति पर विस्तार से बात रखते हुए देश में सांप्रदायिकता एवं कारपोरेट परक सरकार के विरोध में संघर्ष करने के आवश्यकता पर बल दिया। श्री चौधरी ने आने वाले दिनों में पार्टी के समक्ष जो चुनौतियां हैं। उससे मुकाबला करने के लिए ब्रांच स्तर पर मजबूती करते हुए छात्र नौजवानों महिलाओं के साथ-साथ मध्यम वर्ग को जोड़कर एक व्यापक गोलबंदी करने का आह्वान प्रतिनिधियों से किया। विगत 3 वर्ष का कार्यों का प्रतिवेदन जिला मंत्री सत्येंद्र कुमार मिश्र के द्वारा प्रस्तुत किया गया। जिस पर 22 प्रतिनिधियों ने बहस में हिस्सा लेकर प्रतिवेदन को समृद्ध बनाते हुए सर्वसम्मति से पारित किया। साथी कॉमरेड मुकेश कुमार के द्वारा प्रमाण समिति का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया । सम्मेलन में कामरेड बंकिम चंद्र दत्त के संयोतकत्व में 9 प्रस्ताव पारित किए गए। अंत में 19 सदस्य जिला कमेटी का गठन किया गया जिसमें सत्येन्द्र कुमार मिश्र,राजमंगल प्रसाद, धनजयपुरी,अशोक पाठक,बंकिम चंद्र दत्त,मुकेश कुमार,हरेंद्र प्रसाद सिंह,संतोष कुमार,राजकिशोर सिंह,मोहम्मद जमालुदीन,संजीव कुमार दुबे,निर्मला चांदनी,उगम राम,सुरेश सिंह, मोहम्मद एजाजुल हक,ब्रजकिशोर गुप्ता,संतोष कुमार,अनिल प्रसाद एवं दिलीप कुमार, जिसमें कामरेड सत्येंद्र कुमार मिश्रा पुनः दूसरे कार्यकाल के लिए जिला सचिव पद पर निर्वाचित किए गए।समापन भाषण करते हुए राज्य सचिव मंडल सदस्य कामरेड प्रभु राज नारायण राव ने किसानों मजदूरों सहित आम अवाम के सवाल पर मजबूती से आंदोलन खड़ा करने का आह्वान उपस्थित प्रतिनिधि से किया। राज्य सम्मेलन के लिए 9 प्रतिनिधियों का चुनाव किया गया अंत में गगन भेदी नारों के साथ सम्मेलन संपन्न हुआ।

### 9 लोगों का घर तोड़ने का आंचल प्रशासन ने जारी किया नोटिस

दैनिक उजाला/बगहा। प्रखंड बगहा एक के अल्पसंख्यक बस्ती कोल्हुआ चौतरवा में गैरमजरूआ पर बसे 9 लोगों का घर 23 दिसंबर को आंचल प्रशासन द्वारा तोड़ा जाएगा। इसको लेकर प्रखंड बगहा एक सीओ ने नौ लोगों को नोटिस जारी किया है। नोटिस में स्पष्ट लिखा गया है कि गैर मजरूआ भूमि पर सड़क की भूमि पर आप लोगों ने अतिक्रमण किया हुआ है। 22 दिसंबर को सुरक्षा से अपना अतिक्रमण हटा ले वरना अंचल प्रशासन द्वारा कडाई के साथ अतिक्रमण हटा दिया जाएगा। और अतिक्रमण हटाने के दौरान जो खर्च होगा उसकी वसूली की जाएगी। नोटिस में महमूद आलम,रुस्तम अंसारी, मकसूद अंसारी, परवेज अंसारी, शेख, समसूल होदा, साबिर हुसैन, अफजाल अंसारी, अहमद अली फैसल, आलमगीर मियां शामिल है। नोटिस मिलने के बाद 5 -6 दशक से बसे लोगों में भय का आलम है। बता दी के उक्त गांव के अहमद अली फैसल और साबिर हुसैन अधिवक्ता में पुराने विवाद को लेकर एक दूसरे पर आवेदन दिया गया है। आवेदन के आलोक में आंचल प्रशासन ने सरकारी घर मजरूवा भूमि को चिन्हित करते हुए उक्त कार्रवाई का आदेश निर्गत किया है। इसके अलावा आंचल प्रशासन ने 52 लोगों को भी नोटिस भेजा है। दो परिवारों के विवाद में आशियाने उड़ाने जाने को लेकर बस्ती के लोगों में आवेदन करता के प्रति भारी गुस्सा देखने को मिला है। सभी कार्रवाई एक दूसरे पर दिए गए आवेदन के आलोक में आंचल प्रशासन द्वारा किया जा रहा है।

### बीडीओ ने महिला मतदाता बढ़ाने के लिए किया विशेष बैठक

दैनिक उजाला/बगहा। प्रखंड बगहा एक बीडीओ प्रदीप कुमार ने मंगलवार को महिला मतदाता बढ़ाने के लिए एक विशेष बैठक किया। इस बैठक में पंचायत सचिव, कार्यपालक सहायक, विकास मित्र, किसान सलाहकार,आवास सहायक, स्वच्छता पर्यवेक्षक, रोजगार सेवक, लेखपाल, आदि शामिल थे। इस दौरान बगहा विधानसभा के मतदाताओं की समीक्षा की गई। समीक्षा में पाया गया कि महिला मतदाताओं की संख्या 7000 बढ़ाने का निर्देश दिया गया था जिसमें मात्र 2000 ही बढ़ाया गया है। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सभी को हर हाल में 20 दिसंबर तक लक्ष्य को पूरा करने का आदेश दिया। इसके साथ ही बैठक में शामिल सभी कर्मियों को 30-30 मतदाता बढ़ाने के लिए फार्म दिया गया। इसके उपरांत बीडीओ ने सभी कर्मियों को अपने-अपने पंचायत में हो रहे आवास योजना की समीक्षा किया। इस दौरान सभी को निर्देश दिया कि जितने भी आवास योजना अधूरे हैं, लाभुकों और जनप्रतिनिधियों से मिलकर के आवास योजना के लक्ष्य को शत प्रतिशत पूरा करें। लक्ष्य पूरा नहीं करने पर वाले कर्मियों पर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में सभी संबंधित कर्मी मौजूद रहे। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने अवैध उगाई पर कार्रवाई की चेतावनी दी। बता दे कि आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर वरिया अधिकारियों ने महिला मतदाता की संख्या बढ़ाने का निर्देश दिया है। इसको लेकर कर लगातार पहल की जा रही है।

# मानदेय भुगतान के साथ ही सुचारू हुआ कचरा उठाव कार्य



दैनिक उजाला/ मोतिहारी/ कोटवा प्रखंड के कई पंचायतों में घर - घर कचरा उठाव का कार्य सुचारु रूप से शुरू हो चुका है। मंगलवार को बीडीओ सरीना आजाद द्वारा गोपी छपरा पंचायत में स्वच्छता कर्मियों के साथ एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में बीडीओ द्वारा ठेला कर्मियों की समस्या सुनी गई। ठेला कर्मियों द्वारा कचरा उठाव में आ रही दिक्कत से बीडीओ को अवगत कराया गया। मुख्य समस्या ठेला में गड़बड़ी आने पर उसके मरम्मत को लेकर आ रहा है। बीडीओ सरीना आजाद ने बताया कि सभी ठेला कर्मी सुचारू रूप से दिसम्बर माह में कचरा का उठाव करें। नए साल में एक जनवरी से प्रत्येक घरों से रुपए की वसूली शुरू की जाएगी। साथ ही ठेला कर्मियों को बताया कि जो कर्मी ठेला चला रहे हैं उस ठेला के मालिक वे स्वयं है। ठेला में गड़बड़ी आने पर घरों से होने वाले वसूली से खुद अन्य पर ठेला का मरम्मती करा लें। कचरा उठाव में तेजी का कारण पूर्व के लंबित मानदेय के भुगतान को बताया जाता है। ठेला कर्मियों एवं स्वच्छता पर्यवेक्षक को स्वच्छ भारत मिशन के तहत साढ़े नौ माह का भुगतान किया जा चुका है वहीं ढाई माह के भुगतना की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। ठेला कर्मियों को प्रति माह तीन हजार एवं स्वच्छता पर्यवेक्षक को पांच हजार का भुगतान किया गया है। बैठक में बीडीओ द्वारा सुझाव के साथ ही कई दिशा - निर्देश भी दिए गए। बैठक में स्वच्छता कर्मियों में काम को लेकर काफी उत्साह नजर आया। बैठक में पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि उमाकांत सिंह, पंचायत सचिव राजीव कुमार, एकाउंटेंट ब्रजेश कुमार, बीसी सचिन कुमार, स्वच्छता पर्यवेक्षक संजय शर्मा सहित सोलह ठेला कर्मी उपस्थित थे। मालूम हो कि प्रखंड में पहले फेज में दो और दूसरे फेज में चार पंचायतों को कचरा उठाव एवं संधारण के लिय चुना गया था। वही तीसरे फेज में शेष दस पंचायतों का चयन किया गया है। बीडीओ सरीना आजाद ने बताया कि आगामी जनवरी माह से स्वच्छता कर्मियों को नियमित मानदेय का भुगतान शुरू कर दिया जाएगा। प्रखंड में कचरा उठाव का कार्य तेजी से सुचारू किया जा रहा है।

## पैसा बकाया मांगने को लेकर दो पक्षों में मारपीट, एक व्यक्ति की मौत



दैनिक उजाला/ मोतिहारी/ जिला संवादाता मोतिहारी के लखौरा थानाक्षेत्र के ग्राम दोस्तियां में बकाया पैसा मांगने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई है। जिसमें ब्यास राय को चाकू मारकर घायल कर दिया गया है। प्रप्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए गंभीर रूप से जख्मी ब्यास राय को ईलाज हेतु रहमानिया अस्पताल ले जाया गया। जहां ईलाज के क्रम में ब्यास राय की मृत्यु हो गई। लखौरा थाना द्वारा संयुक्त छापामारी कर घटना के एक घंटे के अंदर आरोपी रामपुकार राय एवं विजय राय दोनों सा० दोस्तियां, थाना लखौरा को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस संदर्भ में लखौरा थाना में प्राथमिकी दर्ज अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। वर्त्तमान में स्थिति सामान्य है।

## जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन, बताया पीएम सूर्य घर योजना का लाभ



दैनिक उजाला/ मोतिहारी/ जिला ब्यूरो शहर के एक निजी होटल में पीएम के महत्त्वकांक्षी योजना सूर्य हर घर मुफ्त बिजली योजना के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में लोग शामिल हुए। सोलर सिस्टम से जुड़े लोगों ने केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दी। साथ ही लोगों से इस योजना का लाभ लेने की अपील की।कंपनी से जुड़े लोगों ने जानकारी देते हुए कहा कि इस योजना से लोग बिजली के बचत के साथ-साथ बिजली की बिक्री भी कर सकेंगे। एक यूनिट पर 300000 की लगता है। जिसमें 78000 सब्सिडी भी उनको मिल सकेगी।इस दौरान उन्होंने लोगों को बैंक से लोन कैसे होगा इसकी भी जानकारी दी। साथ ही लोगों को बताया कि आप इस सोलर सिस्टर से बिजली पैदा कर घर को रौशन करने के साथ पैसा भी कमा सकते है।दरअसल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत सभी घरों में सोलर सिस्टम लगाने और बिजली बिल से छुटकारा पाने की योजना बनाई है। जिसके तहत हर व्यक्ति को एक यूनिट लगाने पर 78000 की सब्सिडी मिल सकेगी। साथ ही बिजली पैदा कर पैसा भी कमा सकेंगे। केंद्र सरकार की इस योजना को लेकर जगह-जगह पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

## स्कूल बस से 204 किलो मादक पदार्थ के साथ एक गिरफ्तार



दैनिक उजाला/मोतिहारी/ जिला संवाददाता पूर्वी चम्पारण में एक बार फिर मादक पदार्थ तस्करी की एक बड़ी योजना नाकाम हो गई। पुलिस ने रामगढ़वा थाना क्षेत्र से 204 किलोग्राम मादक पदार्थ के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया हैं। कल 17 दिसंबर को मादक पदार्थ की तस्करी से सम्बंधित प्राप्त गुप्त सुचना के सत्यापन के दौरान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रक्सौल के नेतृत्व में जिला आसूचना इकाई मोतिहारी और रामगढ़वा पुलिस द्वारा संयुक्त छापेमारी कर रामगढ़वा थाना के पास एन0 एच0 से एक स्कूल बस में छुपा कर रखे 204 किलोग्राम मादक पदार्थ ( गांजा ) के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया हैं। इस संदर्व में रामगढ़वा थाना में कांड दर्ज कर अग्रतर करवाई की जा रही हैं। गिरफ्तार तस्कर लालबाबू थाना रामगढ़वा का रहने वाला है। पुलिस ने 204 किलोग्राम मादक पदार्थ के साथ एक एन0 जी0 एफ0 पब्लिक स्कूल का बोर्ड लगा हुआ स्कूल बस को भी बरामद किया है। छापेमारी दल में धीरेन्द्र कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रक्सौल, पु0 अ0 नि0 अमरजीत कुमार, थानाध्यक्ष रामगढ़वा थाना, पु0 अ0 नि0 अम्बेश कुमार थानाध्यक्ष पिपरा थाना के साथ सशत्र बल उपश्थित थे।

## आरोग्य पथ पर बिहार, जन स्वास्थ्य का मंगल काल हुआ विमोचन



पटना में बिहार भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं लोकप्रिय स्वास्थ्य एवं कृषि मंत्री आदरणीय श्री के द्वारा लिखित पुस्तक ₹आरोग्य पथ पर बिहार, जन स्वास्थ्य का मंगल काल₹ के विमोचन कार्यक्रम में महामहिम राज्यपाल राजेन्द्र अलंकार भाजपा के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष सह जनप्रिय उपमुख्यमंत्री आदरणीय श्री सम्राट चौधरी कर्मठ उपमुख्यमंत्री आदरणीय श्री विजय कुमार चौधरी माननीय विधानसभा अध्यक्ष श्री नंद किशोर यादव , माननीय विधानपरिषद सभापति श्री अवधेश नारायण सिंह , माननीय प्रदेश अध्यक्ष सह मंत्री आदरणीय डॉ दिलीप जायसवाल , माननीय मंत्री श्री विजय चौधरी जी, जदयू के माननीय प्रदेश अध्यक्ष डॉ उमेश सिंह कुशवाहा जी, लोजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री राजू तिवारी के साथ साथ हजारों की संख्या में समाज के विभिन्न वर्गों के बुद्धिजीवी लोग शामिल हुए। पुस्तक में एनडीए के शासन काल में स्वास्थ्य के क्षेत्र में हुए ऐतिहासिक परिवर्तनों को समाहित किया गया है। बहुत-बहुत शुभकामनाएँ।

## सरकारी स्कूलों में लगे अधिकांश समरसेवल मोटर नहीं है चालू



दैनिक उजाला/ मोतिहारी/ कोटवा कोटवा में सरकार के महत्वाकांक्षी योजना के तहत सरकारी विद्यालयों में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए लगाए गए समरसेवल मोटर बेकार हो गए है।अधिकांश विद्यालयों में बोरिंग करके उसे वैसे ही छोड़ दिया गया है।उक्त योजना के तहत प्रखंड क्षेत्र के लगभग सभी विद्यालयों में लगाए गए है।विभाग का मुख्य उद्देश्य था कि इससे सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले सभी बच्चों को स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति मिल सके। लेकिन इसका हालात यह है कि ठेकेदार द्वारा इस योजना को आधा अधूरा कार्य कर छोड़ दिया गया है।कही बोरिंग कर दिया गया है तो कही पाइप लगाकर छिड़ दिया गया है। जी एम एस राजापुर विद्यालय में सिर्फ बोरिंग कर दिया गया है लेकिन मोटर नहीं लगा हुआ है। बच्चों के हाथ धोने के लिए बेसिंग बना दिया गया है और पाइप लगने के लिए कटिंग कर छिड़ दिया गया है।मिडिल स्कूल बरहरवा कला पूर्वी में भी बोरिंग कर दिया गया है मोटर वगैरह कुछ नहीं लगा है।वही मध्य विद्यालय रामजी टोला में आधा अधूरा कार्य किया गया है लेकिन मोटर वगैरह चालू स्थिति में है।जिससे बच्चों को पानी मिल रहा है। जबकि इस योजना से रनिंग पाइप जोड़कर बेसिंग में छह छह नल की टोटी लगाना था।जिसमे बच्चे हाथ धो सके वही शौचालय इत्यादि जगहों में भी कनेक्शन कर पानी पहुंचाने का स्टीमर बनाया गया था।कुल मिलकर सरकार इतने पैसे खर्च करने के बाद भी इस योजना से लोगों लाभ नहीं मिल रहा हैं।

## फरार अपराधियों की अब खैर नहीं, पुलिस ने शुरू किया कुर्की अभियान



दैनिक उजाला/मोतिहारी /सिकरहना वारदातों को अंजाम देकर फरार हुए कुख्यात बदमाशों की अब खैर नहीं है। पुलिस ने ऐसे अपराधियों के खिलाफ एक बड़े अभियान की शुरूआत कर दी है। पुलिस ने विभिन्न मामलों में फरार चल रहे 30 कुख्यात बदमाशों को लिस्ट तैयार की है, जिनके खिलाफ अभियान चलाकर कुर्की जब्ती की कार्रवाई शुरू कर दी है। एसपी स्वर्ण प्रभात ने अपराधियों के विरुध्द एक बड़ा अभियान चलाया है। पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में विशेष अभियान चल कर ढाका अनुमंडल अंतर्गत विभिन्न थानों में अलग अलग मामलों में 30 से ज्यादा कुर्की का निष्पादन किया गया है। सिकरहना पुलिस उपाधीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि विभिन्न मामलों में फरार चल रहे लगभग 30 कुख्यात अपराधियों के विरुद्ध एक साथ कुर्की का अभियान चलाया गया है, जिसमें से कुछ अपराधियों ने तो सरेंडर कर दिया है पर अब भी जिन अपराधियों ने सरेंडर नहीं किया है, उनके घर की कुर्की की जा रही है। साथ ही अपराध के बदौलत जिन लोगों ने अकूत सम्पति अर्जित किया है, उनके खिलाफ भी बड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# नगर परिषद के द्वारा बनाए गए जैविक खाद प्लांट बना सफेद हाथी



जैविक खाद प्लांट पर हुआ अतिक्रमण नप प्रशासन बना मौन दैनिक उजाला/बगहा। नगर परिषद एक ओर स्वक्षता और साफ सफाई के लिए लगातार लोगों को नुक्कड़ नाटक सहित पोस्टर आदि से लोगों को जागरूक किया जा रहा है तो दूसरी ओर स्थापना के आज तक डंप स्थल का निर्माण नहीं हो पाया है। अब ऐसे में सफाई करने वाली एजेंसी कहीं भी कचरा डाल दे रही है। कचरे से निजात के लिए नगर परिषद ने पहल किया था कि कचरे से जैविक खाद बनाने की पहल करते हुए नगर के सोझी घाट में दो जगहों पर प्लांट लगाया है। यह प्लांट भी सफेद हाथी सिद्ध हो रहे हैं। करण निर्माण के बाद प्लांट चालू नहीं किया जा सका है। अब ऐसे में वार्ड नंबर 20 और 21 में बने प्लांट में लोकपाल और गोबर रखते हुए उपले बनाने का काम कर रहे हैं। धीरे-धीरे इस प्लांट का भी अतिक्रमण हो रहा है। दूसरी और नगर परिषद में स्वछता अधिकारी, कार्यपालक अधिकारी सहित दो - दो एनजीओ सिर्फ मुख दर्शक बनी हुई है। बता दें की कचरे से जैविक खाद बनाकर कचरे के निष्तरण करने की दिशा में नगर परिषद ने बेहतर पहल किया था। लगभग तीन चार वर्ष पहले कचरे से जैविक खाद बनाने की नगर परिषद ने योजना बनाई। कचरे से जैविक खाद बनाने की पहल करते हुए प्लांट लगाया था, जिसका संचालन नहीं हुआ है। शहर का कचरा उठाकर अब भी शहर के बाहर इधर उधर फेंका जा रहा है। मिली जानकारी अनुसार शहर के कुल 35 वार्डो से हर रोज करीब 20 क्विटल कचरा निकाला जाता है। इसमें करीब आठ क्विटल से अधिक गीला कचरा रहता है। गीला कचरा का उठाकर उसे दूसरी जगह ले जाकर फेंकने में काफी दिक्कत होती है। जिसे देखते हुए तीन चार साल पहले नगर परिषद ने सूखा व गीला कचरे से जैविक खाद बनाने की योजना बनाई। इसके लिए शहर के सोझी घाट में कचरा से जैविक खाद बनाने के लिए कचरा किट बनाने का काम पूरा कर दिया गया था। गीला कचरा व सूखा कचरा एक साथ फेंकने से होती है शहर के 35 वार्डो से सूखा कचरा व गीला कचरा एक साथ फेंकने के कारण नगर परिषद के सफाई कर्मी उसे अलग अलग नहीं कर पाते हैं। जिसके कारण कचरा के निष्तारण में परेशानी होती है। नगर परिषद के कर्मी कहते हैं कि अगर लोग डस्टबीन का उपयोग करना शुरू कर दें तो गीले कचरे से जैविक खाद बनाने की योजना धरातल पर उतारा जा सकता है। डंप स्थल भी नहीं बन पाया है। वहीं इस मामले में बगहा नगर परिषद के स्वच्छता पदाधिकारी अब्दुल बाकी ने बताया कि जैविक प्लांट के लिए बाउंड्री अति आवश्यक है। उसके साथ ही वहां सुरक्षा के लिए सुरक्षा कर्मी तैनात करना होता है। नगर परिषद प्रबंधन इसके लिए पहल की है। शीघ्र ही जैविक प्लांट का संचालन किया जाएगा।

## मिशन कायाकल्प के तहत राज्य स्वास्थ्य समिति की टीम द्वारा किया गया अनुमंडलीय अस्पताल का मूल्यांकन



दैनिक उजाला/ बगहा। मिशन कायाकल्प 2024-25 के लिए राज्य स्वास्थ्य समिति की चार सदस्यीय टीम ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश व नेपाल सीमा पर स्थित अनुमंडलीय अस्पताल का निरीक्षण के साथ मूल्यांकन किया गया। इस दौरान अस्पताल के सभी वार्ड, वार्ड की स्थिति, वार्ड में बेड की स्थिति, बेड पर चादर, साफ सफाई, पानी एवं बिजली की व्यवस्था के साथ दवा, मरीजों को मिलने वाली सुविधा, अस्पताल स्थित औषधि वाटिका, अस्पताल परिसर में लगाए गए पौधे एवं रजिस्ट्रेशन काउंटर पर इलाज कैसे होता है, पैसा लिया जाता है या नहीं, पुराने भवन के पीछे का परिसर, माइनर ओटी, शौचालय की साफ सफाई, मरीजो से बातचीत तथा फायर के बारे में कर्मियों से बचाव की जानकारी पर महिला जीएनएम द्वारा मांगी तो महिला जीएनएम असफल रही। इसके अलावे टीम द्वारा नर्स स्टेशन पर दवा वितरण की जानकारी, निश्चय के दौरान पुरुषों के बारे में कार्यरत जीएनएम शालिनी कुमारी आदि से प्रसव के उपरांत, जच्चा बच्चा आदि के देख रेख के बारे में पूरी जानकारी लिया गया। इसके साथ ही मरीज के बारे में भी कार्य चिकित्सा और प्रबंधक आदि से जानकारी प्राप्त किया। इसके साथ ही अस्पताल वार्ड में दैनिक कार्य का लेखा जोखा भी मैनेजर से ली गई। टीम के मुख्य सदस्य डॉ. नामित ने बताया की अस्पताल का मिशन कायाकल्प से संबंधित एक - एक बिंदुओं का बारीकी से निरीक्षण किया गया जा रहा है। निरीक्षण के क्रम में व्यवस्था संतोषजनक है। रिपोर्ट राज्य स्वास्थ्य समिति को सौपी जाएगी। बताते चले की इसी मूल्यांकन के आधार पर अस्पताल को एक मार्क्स दिया जायेगा। जिसके तहत कायाकल्प सर्टिफिकेशन का निर्णय होगा। टीम में मुख्य सदस्य के अलावे विवेक मालवीय, उपाधीक्षक डॉ.अशोक तिवारी, पूर्व उपाधीक्षक डॉ.के.बीएन. सिंह, वरीय चिकित्सक डॉ.एसपी अग्रवाल, डॉ. राजीव कुमार, सहित अन्य चिकित्सक एवं कर्मी मौजूद रहे।



# इन बैड मनी हैबिट्स से आज ही कर लें किनारा

अधिकतर लोग यह मानते हैं कि एक अच्छा जीवनयापन करने के लिए उनकी अच्छी-खासी इनकम होनी चाहिए। लेकिन आपकी सैलरी या इनकम अमाउंट से भी ज्यादा महत्वपूर्ण होता है, उस पैसे को मैनेज करने की कला आना। ऐसे कई लोग होते हैं, जो बेहद ही सिस्टमेटिक तरीके से अपने पैसे को खर्च करते हैं और कुछ हिस्से को निवेश करते हैं। जिससे उन्हें वर्तमान ही नहीं, बल्कि भविष्य में भी किसी तरह की कोई समस्या नहीं होती है। वहीं, कुछ लोग ऐसे भी होते हैं, जिनकी इनकम अच्छी खासी होती है। लेकिन फिर भी उन्हें वे पैसे कम ही पड़ जाते हैं। यहां तक कि कई बार तो कर्ज लेने की जरूरत भी पड़ जाती है। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि उनमें कुछ बैड मनी हैबिट्स होती है।

## कमाई से अधिक खर्च

बहुत से लोगों को काफी अधिक खर्च करने की आदत होती है। यहां तक कि वे जितना कमाते हैं, उससे भी अधिक खर्च करना शुरू कर देते हैं। अपनी इच्छाओं की पूर्ति के लिए वे क्रेडिट कार्ड आदि का इस्तेमाल करते हैं। ऐसा करने से आपको कभी भी फाइनेंशियल प्रॉब्लम्स का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए, हर महीने अपनी आय का लगभग 20 प्रतिशत बचाने का लक्ष्य रखें।

## जरूरत से ज्यादा लोन

आज के समय में आपको कार से लेकर घर तक के लिए लोन मिल जाता है। कुछ लोग एक बेहतर जीवन जीने के लिए इन सभी चीजों पर लोन ले लेते हैं। हालांकि, एक साथ कई सारे लोन लेना समझदारी भरा निर्णय नहीं माना जाता है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि आप जरूरत से ज्यादा कर्ज व ब्याज के बोझ तले दब जाते हैं। इस तरह अगर कभी आपको जॉब में समस्या होती है तो घर का खर्चा उठाना भी भारी पड़ जाएगा।

## पैसे को इनवेस्ट ना करना

यह एक बेहद जरूरी कदम है, लेकिन अधिकतर लोग बुढ़ापे में इनवेस्टमेंट करने पर विचार करते हैं। जबकि यह आपकी बहुत बड़ी गलती हो सकती है। अगर आप शुरुआत से ही पैसे को थोड़ा इनवेस्ट करने के लिए प्लॉन करती हैं तो ऐसे में आपको आगे चलकर काफी अच्छी रकम एक साथ मिल जाती है। आजकल इनवेस्टमेंट के कई बेहतरीन प्लॉन अवेलेबल हैं, जिनमें आप मंथली से लेकर सालाना रिटर्न ले सकती हैं या फिर कुछ सालों के बाद आपको एक बड़ी रकम भी मिल सकती हैं। आप अपनी सैलरी इनकम के छोटे से हिस्से से इनवेस्टमेंट की शुरुआत करें। इससे धीरे-धीरे आप खुद को फाइनेंशियली अधिक स्ट्रॉन्ग महसूस करेंगी।



# सर्दियों में इन होममेड फेस स्क्रब से पाएं निखरी त्वचा

**ठंड के मौसम में अगर आप स्किन के रूखेपन को दूर करना चाहते हैं तो ऐसे में आप इस होममेड फेस स्क्रब का इस्तेमाल करें। इसके लिए आप तीन बड़े चम्मच कच्चा शहद लेकर उसमें एक छोटा चम्मच सिरका व दो बड़े चम्मच चीनी को मिक्स करें। अब इसे चेहरे पर अप्लाई करें।**

जब स्किन की केयर की बात आती है तो उसमें केवल क्लींजिंग, टोनिंग व मॉइश्चराइजिंग ही काफी नहीं है, बल्कि आपको अपनी स्किन को एक्सफोलिएट करना बेहद जरूरी होता है। इससे आपकी डेड स्किन दूर होती है और स्किन की गहराई से क्लीनिंग होती है। इतना ही नहीं, स्क्रबिंग आपके चेहरे की अनइवन स्किन टोन को दूर करने से लेकर उसे क्लीन करने में मदद करता है। तो चलिए आज हम आपको कुछ ऐसे होममेड स्क्रब के बारे में बता रहे हैं, जो विंटर के लिए एकदम परफेक्ट है-

## शहद, नींबू का रस व ओट्स

स्किन केयर एक्सपर्ट के अनुसार, ओट्स एंटी-ऑक्सीडेंट्स से भरे होते हैं, जिससे रेडनेस व इरिटेशन दूर होती है। ओट्स को शहद और नींबू के रस के साथ मिलाकर एक प्राकृतिक एक्सफोलिएंट बनाया जा सकता है। इसके लिए आप तीन टेबलस्पून कच्चा शहद लेकर उसमें एक छोटा चम्मच नींबू का रस और दो टेबलस्पून ओट्स को मिलाकर चेहरे पर लगाएं। एक-दो मिनट तक इसे ऐसे ही छोड़ें और फिर गर्म पानी में कपड़े को भिगोकर उससे चेहरे को साफ करें।

## नारियल तेल, नींबू का रस व चीनी

चीनी एक बेहतरीन स्किन एक्सफोलिएटर मानी गई है। इसकी मदद से स्क्रब बनाने के लिए आप तीन बड़े चम्मच नारियल का तेल लेकर उसमें एक छोटा चम्मच नींबू का रस और दो बड़े चम्मच चीनी को मिक्स करें। अब चेहरे को साफ करके इसे अप्लाई करें। एक-दो मिनट बाद चेहरे को वॉश करें।

## शहद, सिरका और चीनी

ठंड के मौसम में अगर आप स्किन के रूखेपन को दूर करना चाहते हैं तो ऐसे में आप इस होममेड फेस स्क्रब का इस्तेमाल करें। इसके लिए आप तीन बड़े चम्मच कच्चा शहद लेकर उसमें एक छोटा चम्मच सिरका व दो बड़े चम्मच चीनी को मिक्स करें। अब इसे चेहरे पर अप्लाई करें। आखिरी में आप चेहरे को वॉश करें।

## कॉफी स्क्रब

कॉफी में मौजूद कैफीन रक्त परिसंचरण में सुधार करता है और त्वचा में चमक और स्फूर्ति लाने के लिए उत्तेजित करता है। इतना ही नहीं, इसमें मौजूद एंटीऑक्सिडेंट यूवी क्षति से बचाता है और मॉइश्चर लॉस से बचाता है। कॉफी स्क्रब बनाने के लिए तीन चम्मच ग्राउंड कॉफी में आधा कप दही मिलाएं। अगर आपकी स्किन रूखी है तो आप दही की जगह फुल फैट मिल्क का यूज करें। अब इसे एक मिक्सर में ब्लेंड करें और पांच मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें। मिश्रण के गाढ़ा हो जाने पर इसमें एक चम्मच शहद डालें और अच्छी तरह मिलाएँ। इस मिश्रण को चेहरे पर लगाएं और हल्के हाथों से सर्कुलर मोशन मं स्क्रब करें। आखिरी में ठंडे पानी से धो लें।



# घर में सुख-शांति बढ़ाने का काम करता है आइना

**आइना सिर्फ चेहरा देखने के लिए बल्कि घर की खूबसूरती बढ़ाने का काम भी करता है। मगर आइना अगर वास्तु के हिसाब से लगा हो घर में सुख-शांति बढ़ाने का काम भी करता है। चलिए आज हम आपको बताते हैं कि घर में पॉजिटिव एनर्जी बढ़ाने के लिए किस आकार, साइज और दिशा में शीशा रखना चाहिए।**

## पैसों के किल्लत दूर करने के लिए

पैसों की तंगी दूर करने के लिए घर की दक्षिण दिशा में एक बड़ा गोल दर्पण लगाएं। इससे ना सिर्फ पैसों की किल्लत दूर होगी बल्कि यह घर में पॉजिटिव एनर्जी भी बढ़ाएगा।

## सुख-शांति बनाए रखने के लिए

वास्तु के अनुसार, घर की उत्तर दिशा में आइना लगाने से घर में सुख-शांति बनी रहती है और इससे परिवार के सदस्यों में लड़ाई-झगड़ें भी नहीं होती। इसके लिए आप उत्तर दिशा में अंडाकार शीशा लगाएं।

## कपल्स के लिए

बेड के सामन दर्पण नहीं होना चाहिए क्योंकि इससे पति-पत्नी के रिश्ते पर बुरा असर पड़ता है। बेडरूम में शीशा ऐसी जगह लगाएं, जहां से इसमें बेड ना दिखे। आप बेडरूम की दक्षिण में तिकोना आइना लगा सकते हैं।

## मुख्य दरवाजा

कभी भूलकर भी घर के मुख्य द्वारा पर शीशा ना रखें। ऐसा करने से घर में नाकारात्मक ऊर्जा का वास होता है। इसके साथ ही मुख्य दरवाजे पर कोई चमकदार चीज भी ना रखें

## बाथरूम में इस दिशा में लगाएं आइना

जिन लोगों का बाथरूम दक्षिण या पश्चिम दिशा में है उनको उत्तर दिशा में वर्गाकार आइना लगाना चाहिए। ऐसा करने से बाथरूम का वास्तुदोष खत्म हो जाएगा।

## घर में ना रखें टूटा हुआ आइना

घर में कभी-भी टूटा हुआ शीशा नहीं रखना चाहिए। इससे घर में नकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह बढ़ जाता है। साथ ही इससे परिवार क बीच झगड़े भी होने लगते हैं।

## शीशे के शो-पीस

शीशे के शो-पीस को या एक्वेरियम को हमेशा उत्तर-पूर्व दिशा में ही लगाएं। इस दिशा में आइना या शो-पीस लगाने से घर में साकारात्मक ऊर्जा का वासा होगा।



# मुल्तानी मिट्टी के ज्यादा इस्तेमाल से होता है त्वचा को नुकसान

**बदलती दिनचर्या और धूल मिट्टी के कारण चेहरे पर कई तरह की त्वचा समस्या होने लगती है। जैसे चेहरे पर मुंहासे आना या त्वचा का अत्यधिक बेजान यानी रूखा हो जाना ऐसे में हम कई तरह के उपाय आजमाते है ताकि त्वचा संबंधी परेशानियों से छुटाकारा पा सकें। जिसमें एक उपाय मुल्तानी मिट्टी का भी है। अधिकतर लोग त्वचा को ग्लोइंग और चेहरे पर निखार लाने के लिए मुल्तानी मिट्टी का लेप चेहरे पर करते है बगैर ये जानें की ये उनकी त्वचा के लिए कितनी लाभदायक है या कितनी हानिकारक जी हां मुल्तानी मिट्टी जहां कुछ लोगों को फायदा पहुंचाती है, तो कुछ के लिए ये बहुत नुकसानदायक भी होती है वो कैसे आइए जानते है**

## संवेदनशील स्किन के लिए नुकसानदेह

ऐसे लोग जिनकी त्वचा संवेदनशील है उन्हें मुल्तानी मिट्टी का प्रयोग न के बराबर करना चाहिए। क्योंकि इसके ज्यादा इस्तेमाल से ये चेहरे पर दाने भी ले आती है और त्वचा बेजान और डल नजर आने लगती हैं।

## ड्राई स्किन के लिए नुकसान

ड्राई स्किन के लिए मुल्तानी मिट्टी बहुत नुकसानदायक सिध्द होती है। यह त्वचा को बहुत अधिक रूखा कर देती है। जिससे त्वचा बेजान नजर आने लगती है। और चेहरा बहुत अधिक ड्राई होने लगता हैं।

## सर्दी जुकाम

ऐसे लोग जिन्हें सर्दी जुकाम या खांसी रहती है उन्हें मुल्तानी मिट्टी से थोड़ी दूरी रखनी चाहिए। क्योंकि मुल्तानी मिट्टी की तासीर ठंडी होती है जिससे सर्दी-खांसी की समस्या बढ़ जाती है।

## झुर्रियां आ सकती हैं

यदि नियमित मुल्तानी मिट्टी का इस्तेमाल करते है, तो इसे तुरंत बंद कर दें। यह त्वचा में झुर्रियां ला देती है। इसलिए इसका कम इस्तेमाल ही ठीक होता है।



# सेकंड हैंड के रूप में भूलकर भी न खरीदें इन सामानों को

सेकंड हैण्ड सामान का नाम सुनते ही लोगों में आसपास मौजूद चोर बाज़ार का ही आता है। लोगों को लगता है कि इस बाज़ार में चीजे अच्छी और कम कीमत में आसानी से मिल जाती है और लोग बड़े में प्रेम में खरीद भी लेते हैं। कई महिलाएं ऐसी भी हैं जो आज भी किसी न किसी चोर बाज़ार या फिर सेकंड हैण्ड की दुकान पर सामान खरीदने के लिए जज़रू पहुँच जाती हैं। लेकिन, इन सब के बीच ये भूल जाती हैं कि कुछ ऐसे में सामान है जिन्हें कभी भी किसी भी चोर बाज़ार या फिर किसी अन्य जगह से सेकंड हैण्ड के रूप में कभी भी नहीं खरीदना चाहिए। अगर आप भी कुछ चीजों को सेकंड हैण्ड के रूप में खरीदती हैं तो कहीं न कहीं गलती ज़रूर करती हैं। आज इस लेख में हम आपको बताने जा रहे हैं कि किन सामानों को कभी भी सेकंड रूप के कभी भी नहीं ख़रीदना चाहिए। कहीं ऐसा न हो सस्ते के चक्कर में आपको बाद में महंगा पड़ जाए।

## कैमरा

आजकल ऐसे कई दुकान बाज़ार में मौजूद है जहां बोला जाता है कि सस्ते में सेकंड हैण्ड कैमरा बहुत अच्छा मिला जाता है। लेकिन, आपको कभी भी सेकंड हैण्ड कैमरा नहीं ख़रीदा चाहिए। शायद आपको मालूम हो, अगर नहीं मालूम हो तो आपकी जानकारी के लिए बता दें कि कई बार कैमरे के अंदर से कई चीजे, जैसे-ओरिजनल लेंस आदि को निकाल लेते हैं, और पुराना लेंस कैमरे में लगा देते हैं। कुछ कैमरे ऊपर से देखने में ही अच्छे दिखाई देते हैं लेकिन, जैसे ही उसका इस्तेमाल किया जाता है तो मालूम चलता है कि कोई स्विच या अन्य चीजें काम ही नहीं कर रही है।

## मेकअप का सामान

महिलाओं के लिए मेकअप से बढकर कुछ भी नहीं। शायद यहीं वजह है कि जब भी महिलाएं किसी सेकंड हैण्ड चीज को कम दाम में देखती हैं, तो सोचती हैं कि क्यों इसे खरीद लिया जाए। हेयर ड्रायर, लिपिस्टिक सेट, पाउडर, स्प्रे आदि अन्य मेकअप किट को कभी भी सेकंड हैण्ड के रूप में नहीं खरीदना चाहिए। ऐसे बहुत से खबर देखने और सुनने में आता है कि मेकअप जैसी चीजों में मिलावट बहुत अधिक रहता है जिसके इस्तेमाल से त्वचा में कई तरह की परेशानियों होने लगती हैं। इसलिए आप सेकंड हैण्ड के रूप में मेकअप का सामान कभी न ख़रीदे।

## मोबाइल

मोबाइल भी एक ऐसा सामान है जिसे कोई भी झट से सेकंड हैण्ड के रूप में खरीद लेता है बल्कि, ऐसा नहीं करना चाहिए। कई बार आप कम कीमत में सेकंड हैण्ड मोबाइल तो खरीदकर घर ले आते हैं लेकिन, बाद में मालूम चलता है कि मोबाइल की बैटरी बदली हुई है। कई बार चार से पांच दिनों के इस्तेमाल के बाद भी मोबाइल डेड हो जाता है। इसलिए आप कम कीमत के चक्कर में किसी भी सेकंड हैण्ड मोबाइल को कभी न ख़रीदे। कभी-कभी सेकंड हैण्ड मोबाइल चोरी का भी होता है और फिर आप भी मुसीबत में फस सकते हैं। वैसे आपको कोई भी सेकंड हैण्ड इलेक्ट्रॉनिक सामान को खरीदने से बचाना चाहिए।

## बर्तन

आजकल सेकंड हैण्ड के रूप में कई बाज़ारों में एक से बढ़कर एक बर्तन आसानी से मिल जाते हैं। ये आसानी से इस लिए मिल जाते हैं क्यूंकि, ये किसी काम के लिए नहीं होते हैं। बहुत से बर्तनों को सिर्फ ऊपर से पॉलिश कर दिया जाता है और एक से दो बार के इस्तेमाल में मालूम चलता है कि नीचे से बर्तन खोखला है। स्टील, तांबा जैसे कीमती धातु से तैयार बर्तन को कभी भी सेकंड हैण्ड के रूप में नहीं खरीदना चाहिए।

# ब्रिसबेन टेस्ट : जसप्रीत बुमराह, आकाशदीप ने टाला फॉलोआन का खतरा, भारत ने 9 विकेट पर बनाए 252 रन

एजेंसी, ब्रिसबेन

गाबा के मैदान पर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तहत खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन भारत ने आकाशदीप और जसप्रीत बुमराह के बीच आखिरी विकेट के लिए हुए 39 रनों की नाबाद साझेदारी की बदौलत फॉलोआन का खतरा टाल दिया है। दिन का खेल खत्म होने पर भारत ने 9 विकेट पर 252 रन बना लिये हैं। आकाशदीप 27 और जसप्रीत बुमराह 10 रन बनाकर नाबाद हैं। भारत पहली पारी के आधार पर अभी भी ऑस्ट्रेलिया से 193 रन पीछे है। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 445 रन बनाए थे।

भारत के लिए केएल राहुल (84) और रवींद्र जडेजा (77) ने भी बेहतरीन अर्धशतकीय पारियां खेलीं।

बारिश के व्यवधान के बीच भारत की पहली पारी की शुरूआत खराब रही और मिचेल स्टॉर्क ने पारी की दूसरी ही गेंद पर यशस्वी जायसवाल (04) चलता कर भारत को पहला झटका दिया। शुभमन गिल भी कुछ खास नहीं कर सके और केवल 1 रन बनाकर चलते स्टॉर्क का दूसरा शिकार बने। विराट कोहली एक बार फिर असफल रहे और केवल 3 रन बनाकर हेजलवुड का शिकार बने।

इसके बाद पंत और राहुल ने भारत की पारी को आगे बढ़ाया। 44 के कुल स्कोर पर पंत (09) को पैट कमिंस ने अपना शिकार बनाया। कप्तान रोहित शर्मा का खराब फॉर्म जारी रहा और वे 74 के कुल स्कोर पर केवल 10 रन बनाकर पैट कमिंस का शिकर बने।

**जडेजा और केएल राहुल ने संभाली भारत की पारी** : यहां से रवींद्र जडेजा और केएल राहुल ने मिलकर

## केएल राहुल और रवींद्र जडेजा ने लगाया अर्धशतक



छठे विकेट के लिए 67 रनों की साझेदारी कर भारत का स्कोर 140 के पार पहुंचाया। 141 के कुल स्कोर पर केएल राहुल को नाथन लियोन ने पवेलियन भेजा। राहुल ने 139 गेदों पर 8 चौकों की बदौलत 84 रनों की शानदार अर्धशतकीय पारी खेली।

**जडेजा-रेड्डी ने सातवें विकेट के लिए की 53 रनों की साझेदारी** : राहुल के आउट होने के बाद रवींद्र जडेजा और नीतीश रेड्डी ने सातवें विकेट के लिए 53 रनों की बेहतरीन साझेदारी कर भारत का स्कोर 200 के करीब पहुंचाया, हालांकि पैट कमिंस ने 194 के कुल स्कोर पर नीतीश को बोल्ड कर यह साझेदारी तोड़ी। नीतीश ने 61 गेंदों का सामना किया और 16 रन बनाए। 201 के कुल स्कोर पर मोहम्मद सिराज (01) को स्टॉर्क ने आउट कर भारत को आठवां झटका दिया। 213 के कुल स्कोर पर जडेजा 77 रनों की बेहतरीन अर्धशतकीय पारी खेलने के बाद पैट कमिंस का शिकार बने।

**आकाशदीप और जसप्रीत बुमराह ने टाला फॉलोआन का खतरा** : जडेजा के आउट होने के बाद भारत को फॉलोआन बचाने के लिए 33 रनों की जरूरत थी और आकाशदीप और बुमराह की आखिरी जोड़ी मैदान पर थी। ऑस्ट्रेलिया की गेंदबाजी को देखते हुए लग रहा था कि भारत का फॉलोआन खेलना तय है, लेकिन इस आखिरी भारतीय जोड़ी के मन में कुछ और ही चल रहा था, बुमराह ने आते ही पैट कमिंस की गेंद पर छक्का लगाकर अपने इरादे जता दिये, दूसरे छोर से आकाशदीप ने भी संभलकर खेलना शुरु किया। इन दोनों ने मिलकर न सिर्फ भारत को फॉलोआन से बचाया, बल्कि अपना विकेट भी बचाए रखा। फॉलोआन बचाने के बाद आकाशदीप ने पैट कमिंस की गेंद पर एक लंबा छक्का भी जडा, जिससे ड्रेसिंग रुम में बैठे विराट कोहली खुशी से उछल पड़े। दिन का खेल खत्म होने पर भारत ने 9 विकेट पर 252 रन बना लिये हैं। बुमराह और आकाशदीप ने दसवें विकेट के लिए अब तक 39 रन जोड़ लिये हैं। आकाशदीप 27 और बुमराह 10 रन बनाकर नाबाद हैं। ऑस्ट्रेलिया की ओर से पैट कमिंस ने 4, मिचेल स्टॉर्क ने 3, जोश हेजलवुड और नाथन लियोन ने 1-1 विकेट लिया। इससे पहले ट्रैविस हेड और स्टीव स्मिथ के शतकों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने यहां गाबा के मैदान पर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तहत खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच में अपनी पहला पारी में 445 रन बनाए। हेड ने 152 और स्मिथ ने 101 रनों की बेहतरीन शतकीय पारी खेली। इन दोनों के अलावा एलेक्स कैरी ने अर्धशतक लगाते हुए 70 रन बनाए। भारत के लिए जसप्रीत बुमराह ने 6, मोहम्मद सिराज ने दो और आकाशदीप, नीतीश रेड्डी ने 1-1 विकेट लिए।

## न्यूजीलैंड ने जीत के साथ दी टिम साउथी को विदाई, इंग्लैंड को तीसरे टेस्ट में 423 रन से हराया

एजेंसी, हैमिल्टन

न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट में 423 रनों की बड़ी सफलता के साथ अपने दिग्गज खिलाड़ी टिम साउथी को जीत के साथ विदाई दी। न्यूजीलैंड ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 347 रन बनाए, जवाब में इंग्लैंड की पहली पारी 143 रनों पर सिमट गई। पहली पारी के आधार पर न्यूजीलैंड को 204 रनों की बढ़त मिली। इसके बाद न्यूजीलैंड ने अपनी दूसरी पारी में 453 रन बनाए और इंग्लैंड के सामने 657 रनों का विशाल लक्ष्य रखा।

657 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लिश टीम ने तीसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन केवल 18 रन पर दो विकेट खो दिये थे। चौथे दिन की शुरुआत इंग्लैंड ने 18/2 पर अपनी पारी फिर से शुरू की। जैकब बेथेल और जो रूट ने बाउंड्री लगाई और तेजी से रन बनाए। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 104 रनों की साझेदारी की। 122 के कुल स्कोर पर सेंटनर ने रूट को एलबीडब्ल्यू कर यह साझेदारी तोड़ी। रूट ने 54 रनों की शानदार अर्धशतकीय पारी खेली।

133 के कुल स्कोर पर हैरी ब्रुक (01) को विलियम ओ रुर्के ने पवेलियन भेजा। 166 के स्कोर पर टिम साउथी ने जैकब बेथेल की बेहतरीन पारी का अंत किये। बेथेल ने 76 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। इसके बाद इंग्लैंड के विकेट नियमित अंतराल पर गिरते रहे और पूरी टीम 234 रनों पर सिमट गई और न्यूजीलैंड ने 423 रनों से मैच अपने नाम किया।

न्यूजीलैंड की ओर से मिचेल सैंटनर ने सर्वाधिक 4 विकेट लिये। मैट हेनरी और टिम साउथी ने 2-2 व विलियम ओ रुर्के ने 1 विकेट लिया।

मिचेल सैंटनर को मैन ऑफ द मैच और हैरी ब्रुक को मैन ऑफ द सीरीज चुना गया। इंग्लैंड ने तीन मैचों की यह श्रृंखला 2-1 से अपने नाम की।

यह मैच थोड़ा भावनात्मक तब हो गया जब मैच के बाद साउथी ने स्टंप उखाड़ा और न्यूजीलैंड की टीम को वापस पवेलियन ले गए, मैदान पर मौजूद प्रशंसकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका अभिवादन किया। बता दें कि टिम साउथी का यह आखिरी टेस्ट मैच था, उन्होंने पहले ही इस टेस्ट मैच के बाद संन्यास की घोषणा कर दी थी।

उन्होंने अपने पूर्व सहयोगी और इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम से मुलाकात की और दोनों ने एक-दूसरे को गले लगाया। न्यूजीलैंड और इंग्लैंड ने अपने विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप मैच पूरे किए और क्रमशः चौथे और छठे स्थान पर चक्र समाप्त किया।



## आईसीसी वनडे और टी20 रैंकिंग में शीर्ष तीन में पहुंची स्मृति मंधाना

एजेंसी, नई दिल्ली

भारत की स्टाइलिश ओपनर स्मृति मंधाना आईसीसी महिला वनडे और टी-20 बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष तीन में पहुंच गई हैं। मंधाना वनडे रैंकिंग में तीन पायदान ऊपर दूसरे और पिछले सप्ताह ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के बाद टी20आई रैंकिंग में एक पायदान ऊपर तीसरे स्थान पर पहुंच गई हैं। वनडे रैंकिंग में दक्षिण अफ्रीका की लौरा वोल्वार्ड्ट और टी-20 में ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी शीर्ष पर हैं। बाएं हाथ की बल्लेबाज मंधाना ने पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आईसीसी महिला चैंपियनशिप सीरीज के अंतिम मैच में 105 और मुंबई में वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20आई सीरीज के पहले मैच में 54 रन बनाए, जो नवीनतम रैंकिंग अपडेट का मुख्य आकर्षण है, जिसमें पोटचेफस्ट्रूम में दक्षिण अफ्रीका और इंग्लैंड के बीच अंतिम वनडे में प्रदर्शन को भी ध्यान में रखा गया है। वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में इंग्लैंड की ओपनर टैमी ब्यूमोंट दो पायदान ऊपर 11वें स्थान पर पहुंच गई हैं, जिन्होंने नाबाद 65 रन बनाकर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज 2-1 से जीती थी, और भारत की हरलीन देओल नौ पायदान ऊपर 64वें स्थान पर पहुंच गई हैं, जबकि ऑस्ट्रेलिया की तीन खिलाड़ियों ने अपनी टीम की 3-0 की जीत के बाद उल्लेखनीय बढ़त हासिल की है। एश्ले गार्डनर पर्थ में 50 रन बनाकर एक स्थान ऊपर चढ़कर 16वें स्थान पर पहुंच गई हैं, ताहलिया मैकग्राथ नाबाद 56 रन बनाकर 32वें स्थान से 24वें स्थान पर पहुंच गई हैं और एनाबेल सदरलैंड मैच जीतने वाली 110 रन की पारी के बाद 15 स्थान ऊपर चढ़कर 29वें स्थान पर पहुंच गई हैं। गार्डनर 30 रन देकर पांच विकेट लेकर गेंदबाजी रैंकिंग में भी दो स्थान ऊपर चढ़कर अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ तीसरे स्थान पर पहुंच गई हैं और ऑलराउंडरों की सूची में चौथे स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंच गई हैं। सदरलैंड गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष 20 में शामिल हैं। इस सूची में ऊपर आने वाले अन्य खिलाड़ियों में दक्षिण अफ्रीका की मारिजान कैप शामिल हैं, जिन्होंने 24 रन देकर तीन विकेट लिया और दो पायदान ऊपर चौथे स्थान पर पहुंच गईं। इंग्लैंड की तिकड़ी चार्ली डीन (दो स्थान ऊपर चढ़कर सातवें स्थान पर), नैट साइवर ब्रंट (एक स्थान ऊपर चढ़कर 16वें स्थान पर) और लॉरेन बेल (चार स्थान ऊपर चढ़कर 21वें स्थान पर) ने भी रैंकिंग में बढ़त हासिल की है। भारतीय तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी 26 रन देकर चार विकेट लेने के बाद 48 पायदान ऊपर चढ़कर 51वें स्थान पर पहुंच गई हैं, जबकि रेणुका ठाकुर 28वें स्थान से संयुक्त 26वें स्थान पर पहुंच गई हैं। टी20 रैंकिंग में कप्तान हरमनप्रीत कौर शीर्ष 10 में हैं और जेमिमा रोड्रिग्स 73 रन की शानदार पारी के बाद छह पायदान ऊपर चढ़कर 15वें स्थान पर पहुंच गई हैं।



## ऑस्ट्रेलिया को लगा बड़ा झटका, चोट के चलते मैदान से बाहर हुए हेजलवुड

एजेंसी, ब्रिसबेन

भारत के खिलाफ गाबा में चल रहे तीसरे टेस्ट के चौथे दिन मंगलवार को ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड चोटिल होकर मैदान से बाहर चले गए हैं। हेजलवुड को वापस मैदान पर बुलाने का ऑस्ट्रेलिया का फैसला पूरी तरह से गलत साबित हुआ, क्योंकि ड्रिंक्स ब्रेक के बाद उन्हें चोट लगने का संदेह था। हेजलवुड अपनी लय से बाहर दिखे और तीसरे दिन अपनी लाइन और लेंथ को देखते हुए अपनी लय हासिल करने के लिए संघर्ष करते दिखे। उन्होंने सिर्फ एक ओवर फेंका और खास तौर पर पहली गेंद के बाद संघर्ष करते दिखे। हेजलवुड ने असामान्य रूप से कम गति से शॉर्ट और वाइड



गेंद फेंकी, जिसकी स्पीड गन 128 किमी प्रति घंटे की थी। हेजलवुड ने ओवर पूरा करने के बाद ड्रिंक्स ब्रेक के दौरान कप्तान पैट कमिंस, स्टीवन स्मिथ और फिजियोथेरेपिस्ट निक जोन्स के साथ चर्चा की।

उल्लेखनीय रूप से, साइड स्ट्रेन के कारण हेजलवुड एडिलेड में दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए थे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने एक बयान में हेज़लवुड की चोट की गंभीरता को रेखांकित किया। ऑस्ट्रेलियाई बोर्ड ने पुष्टि की कि अनुभवी पेस-गन को "कम-ग्रेड की बाईं ओर चोट लगी है।" टेस्ट के दौरान, हेजलवुड अपनी रिकवरी से उबरने के लिए एडिलेड में टीम के साथ रहे। जैसे ही श्रृंखला एडिलेड से ब्रिस्बेन में स्थानांतरित हुई, उनकी उपलब्धता को लेकर चिंताएँ थीं। हालाँकि, ऑस्ट्रेलियाई प्रबंधन ने हेज़लवुड को वापस लाने का फैसला किया और उनके सीमित ओवरों में सफलता हासिल की। हेजलवुड ने छह ओवर फेंके, 3.70 की इकॉनमी से 22 रन दिए और 'चेस मास्टर' विराट कोहली का सबसे महत्वपूर्ण विकेट लिया।

## टिम साउथी ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास, मैकुलम ने की उनके लंबे करियर की सराहना

एजेंसी, हैमिल्टन

न्यूजीलैंड के पूर्व खिलाड़ी और इंग्लैंड के वर्तमान मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ने मंगलवार को अपने 16 साल के टेस्ट करियर का अंत करने वाले तेज गेंदबाज टिम साउथी के लंबे करियर की प्रशंसा की। साउथी ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के बाद लाल गेंद के प्रारूप से संन्यास लेने की घोषणा पहले ही कर दी थी।

अनुभवी दाएं हाथ के गेंदबाज ने अपने टेस्ट करियर का शानदार अंत किया, क्योंकि न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड को सिर्फ 234 रनों पर आउट कर तीसरे टेस्ट में 423 रनों की विशाल जीत हासिल की। साउथी के लिए यह एक पूर्ण-चक्र वाला क्षण था, जब उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ अपने घरेलू मैदान सेडन पार्क में अपने टेस्ट करियर का शानदार अंत किया। उन्होंने इंग्लैंड



के ही खिलाफ इस प्रारूप में अपना पहला मैच खेला था। मैकुलम ने न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) द्वारा उनके सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, "टिम, मेरे अच्छे दोस्तों में से एक है, वास्तव में बहुत करीबी दोस्त है। वह उन लोगों में से एक है जिसके साथ आप समय बिताना पसंद करते हैं। आप उसे कभी भी किसी भी स्थिति से बाहर नहीं कर सकते। वह बस अपना सिर नीचे रखता है और कड़ी मेहनत करता है और इसलिए सफलता उसके पास आती है। सांख्यिकीय रूप से उसका प्रदर्शन किसी भी अन्य खिलाड़ी जितना ही अच्छा है, लेकिन मुझे लगता है कि महान खिलाड़ियों की पहचान लंबे समय तक खेलना है, उस लंबे समय तक बने रहना है और उसने ऐसा किया है।" साउथी ने इंग्लैंड की दूसरी पारी में दो विकेट चटकाए और 107 टेस्ट मैचों में 391 विकेटों के साथ अपना करियर समाप्त किया, जो रिचर्ड हैडली के बाद न्यूजीलैंड के लिए दूसरे सबसे अधिक विकेट हैं, जिनके नाम 86 मैचों में 431 विकेट हैं। मैकुलम ने कहा, "जब टिम सेडन पार्क से बाहर निकलेंगे, तो वह संतुष्ट होंगे, लेकिन आप जानते हैं कि देश लंबे समय तक उनके योगदान के लिए बहुत आभारी रहेगा।" जब साउथी अंतिम मैच के लिए बल्लेबाजी करने उतरे, तो उन्हें दोनों पारियों में इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। साउथी ने 2007-08 में नेपियर में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट डेब्यू पर 55 रन देकर 5 विकेट लिया था और 40 गेंदों पर 77 रन बनाए।

## दर्शकों के लिए एचआईएल 2024-25 मैचों के टिकट होंगे फ्री, हॉकी इंडिया ने की घोषणा

एजेंसी, नई दिल्ली

हॉकी प्रशंसक रांची और राउरकेला में होने वाले आगामी हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) 2024-25 मैचों का लुत्फ अब स्टेडियम में जाकर फ्री में उठा सकेंगे। हॉकी इंडिया ने मंगलवार को एचआईएल 2024-25 मैचों के लिए मुफ्त टिकटों की घोषणा की। एचआईएल गवर्निंग कमेटी के अध्यक्ष दिलीप तिर्की ने बताया, यह कदम हॉकी इंडिया के उस दृष्टिकोण का हिस्सा है, जिसके तहत खेल को उसके समर्थकों के लिए और अधिक सुलभ बनाया जाएगा। उन्होंने कहा, "यह भारत में हॉकी के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। मुफ़्त टिकट देकर, हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि वित्तीय स्थिति की परवाह किए बिना, हर किसी को हॉकी का बेहतरीन अनुभव करने का



अवसर मिले। हमारा लक्ष्य खेल को प्रशंसकों के और करीब लाना और खिलाड़ियों और समर्थकों की नई पीढ़ी को प्रेरित करना है। रांची और राउरकेला हॉकी की समृद्ध विरासत वाले शहर हैं, और हम स्टेडियमों को उनकी ऊर्जा और जुनून से भरना चाहते हैं।" एचआईएल गवर्निंग कमेटी के सदस्य भोला नाथ सिंह ने कहा, "हमारे प्रशंसक हमारे हर काम के केंद्र में हैं। मुफ़्त टिकट देने की यह पहल उनके अटूट समर्थन के लिए आभार व्यक्त करने का हमारा तरीका है। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि रांची और राउरकेला की हर सीट अपने पसंदीदा टीमों के लिए चीयर करने वाले प्रशंसकों से भरी हो।" पुरुषों की एचआईएल 28 दिसंबर को राउरकेला के बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में शुरू होगी, जिसका फ़ाइनल 1 फरवरी 2025 को होगा। इस बीच, महिलाओं की लीग 12 जनवरी, 2025 को रांची के मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में शुरू होगी, जिसका फ़ाइनल 26 जनवरी को होगा।

## अगले वर्ष विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर इवेंट की मेजबानी करेगा भारत

**एजेंसी, नई दिल्ली** : भारत अगले साल 10 अगस्त को पहली बार विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर स्तर के आयोजन की मेजबानी करेगा। एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) ने सोमवार को उक्त जानकारी दी।

एएफआई के 2025 सीज़न के प्रतिस्पर्धी कैलेंडर के अनुसार, कांस्य स्तर का कॉन्टिनेंटल टूर एथलेटिक्स इवेंट भुवनेश्वर में होगा। इस मीट को 'इंडियन ओपन' नाम दिया गया है। कॉन्टिनेंटल टूर ट्रैक और फील्ड प्रतियोगिताओं की एक वार्षिक श्रृंखला है, जो कि एलीट-लेवल डायमंड लीग के बाद वैश्विक बैठकों के दूसरे स्तर के अंतर्गत आती है। इसे 2020 में वर्ल्ड चैलेंज सीरीज़ के उत्तराधिकारी के रूप में लॉन्च किया गया था और इसमें चार स्तर, स्वर्ण, रजत, कांस्य और चैलेंजर शामिल हैं।

## सीबीएफ अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ेंगे ब्राजील के पूर्व स्ट्राइकर रोनाल्डो

एजेंसी, नई दिल्ली

ब्राजील के पूर्व स्ट्राइकर रोनाल्डो देश के फुटबॉल परिसंघ (सीबीएफ) के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ेंगे, 48 वर्षीय रोनाल्डो ने सोमवार को यह जानकारी दी। 1994 और 2002 में ब्राज़ील के साथ विश्व कप जीतने वाले रोनाल्डो, 2026 में वर्तमान अध्यक्ष एडनाल्डो रोड्रिग्स की जगह लेने के लिए सीबीएफ चुनावों में उम्मीदवार के रूप में भाग लेंगे। ग्लोबो एस्पोर्टे से बात करते हुए उन्होंने कहा, "सीबीएफ के अध्यक्ष पद के लिए उम्मीदवार बनने के लिए मुझे प्रेरित करने वाली सैकड़ों चीजों में से, मैं उस प्रतिष्ठा और सम्मान को पुनः प्राप्त करना चाहता हूँ जो सेलेकाओ (ब्राजील की राष्ट्रीय टीम) के पास हमेशा से था और आज किसी और



के पास नहीं है।" बार्सिलोना, इंटर मिलान और रियल मैड्रिड के पूर्व फॉरवर्ड ने यह भी कहा कि उन्हें स्पेनिश शीर्ष-स्तरीय टीम रियल वलाडोलिड में अपनी हिस्सेदारी बेचने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, "हम बहुत जल्द संभावित बिक्री पर बातचीत कर रहे हैं और हमें सौदा पूरा कर लेना चाहिए। यह मेरी उम्मीदवारी में कोई बाधा नहीं बनेगा।" रोनाल्डो के पास पहले ब्राजील की टीम क्रूज़ेरो में 90% हिस्सेदारी थी, जिसे उन्होंने इस साल की शुरुआत में बेच दिया था।